हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी








फैक्ट फाइल

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक 66.87 फीसदी मतदान हुआ है।

- बिलासपुर लोकसभा सीट 60.05 फीसदी मतदान
- दुर्ग लोकसभा सीट 67.33 फीसदी मतदान
- जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट शाम 5 बजे तक 62.44 फीसदी मतदान
- कोरबा लोकसभा सीट 70.60 फीसदी मतदान
- रायगढ़ लोकसभा सीट 75.84 फीसदी मतदान
- सरगुजा लोकसभा सीट 74.17 फीसदी मतदान

## 2019 की वोटिंग पर एक नजर

सरगुजा- 77.30, रायगढ़ 77.78, जांजगीर चांपा 65.58, कोरबा 75.28, बिलासपुर 64.36, दुर्ग 71.68, रायपुर 66 प्रतिशत।

## असम में 75 फीसदी महाराष्ट्र में 54 फीसदी

11 राज्य | 93 सीटें | 1331 प्रत्याशी

- गुजरात में ड्यूटी पर तैनात महिला मतदान अधिकारी की मौत
- बिहार के सुपौल में चुनाव ड्यूटी के दौरान अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत
- कर्नाटक में भी चुनाव के दौरान दो अधिकारियों की हो गई मौत
- पश्चिम बंगाल के मालदा में देसी बम फेंका गया, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ
- करन जोहर, रणबीर, सिद्धार्थ समेत कई सितारों ने मतदान के लिए किया प्रेरित




# छग की पांच सीटों पर बादलों की तरह बरसे वोट, पर रायपुर-बिलासपुर पीछे




**छत्तीसगढ़ में मंगलवार को लोकतंत्र के महापर्व की पूर्णाहुति हुई। यहां की रायपुर समेत सात सीटों पर मतदान हुआ। राजधानी में सुबह मौसम सुहाना रहा और शाम को बादल जमकर बरसे। बादलों की तरह ही छग की पांच सीटों पर वोट भी बरसे। शाम 5.30 बजे तक यहां 7 सीटों पर 66 फीसदी से ज्यादा मतदान की सूचना थी, पर रायपुर-बिलासपुर पीछे रहे गए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पिछले चुनाव में इन सीटों पर औसतन 71 प्रतिशत मतदान हुआ था। खास बात ये है कि इस बार भीषण गर्मी को देखते हुए वोटिंग के लिए समय बढ़ाया गया था। मतदान के लिए सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक का समय रखा गया था। शाम 6 बजे के पहले केंद्र परिसर में आ जाने वाले मतदाताओं को भी वोट डालने का अवसर दिया गया। राज्यभर में कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर आमतौर पर शांति रही। चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। छत्तीसगढ़ में 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए सभी सीटों पर मतदान का काम पूरा हो गया है। इस दौर के चुनाव में राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह क्षेत्र जशपुर जिले के बगीचा मतदान केंद्र में परिवार सहित मतदान किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि लाइव

मतदान केंद्र में ऐसी सुविधाएं










- सीएम साय ने गृहग्राम बगिया में किया मतदान
- भूपेश ने अपने गांव कुरुदडीह में डाला वोट

### सीएम ने सपत्नीक किया मतदान

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज सवेरे जशपुर जिले में अपने गृहग्राम बगिया के मतदान केंद्र क्रमांक 49 में अपनी माताजी, धर्मपत्नी कौशल्या साय और अन्य परिवारजनों के साथ मतदान किया। मुख्यमंत्री दोपहर 11.45 बजे अपनी धर्मपत्नी कौशल्या साय और अपने परिवारजनों के साथ मतदान क्रमांक 49 पहुंचे। उन्होंने मतदाताओं के साथ कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया।

### भूपेश ने गृह ग्राम में किया मतदान

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल ने पत्नी सहित अपने गृह ग्राम कुरूदडीह स्थित मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कहा, मतदान तेजी से चल रहा है। मैं पूरे परिवार के साथ मतदान करने गांव जा रहा हूं। जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। भाजपा के पास इसका कोई समाधान नहीं है।





## वोट के लिए बोट का सफर फिर भी नहीं बदली तकदीर

**अंबिकापुर।** यह तस्वीर सरगुजा जिले के लुंड्रा विकासखंड में आने वाले ग्राम लवईडीह की है। लवईडीह के बरपारा के ग्रामीण आज जर्जर बोट में बैठकर मतदान करने के लिए पहुंचे थे। ग्रामीणों ने उत्साह के साथ मतदान किया। लवईडीह के पोलिंग बूथ में कुल मतदाताओं की संख्या 503 है और शाम 5 बजे तक यहां लगभग 430 मतदाताओं ने मतदान कर लिया था। हालांकि मतदान से एक दिन पहले ही लवईडीह के ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया था। ग्रामीण दोनों गांव ▶▶ शेष पेज 4 पर

## बेमेतरा के चार गांवों में मतदान का बहिष्कार

**बेमेतरा।** लोकसभा चुनाव के तहत तीसरे चरण में 7 मई को मतदान के दौरान जिले के चार गांवों के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। एक ओर जहां पानी की मांग को लेकर जहां नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घाटोली के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। वहीं, दूसरी ओर झाझड़ी, रामपुर एवं मोतीपुर के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया। इस बीच बहिष्कार की सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने किसी तरह समझाबुझाकर झाझड़ी, रामपुर व मोतीपुर में साढ़े सात ▶▶ शेष पेज 4 पर

## मतदान के बाद लौट रही युवती की गाज से मौत

**अंबिकापुर।** गाज की चपेट में आने से मतदान के बाद लौट रही एक युवती की मौत हो गई। अंबिकापुर विधानसभा के लमगांव कोट पोलिंग बूथ से युवती मतदान के बाद वापस घर लौट रही थी। 21 वर्षीय कबूतरी दास आ. रामलाल दास भाई व मां के साथ मतदान करने के लिए कोट स्थित मतदान केंद्र पहुंची थी।

### मतदान करने आए बुजुर्ग की मौत

**जशपुर।** जशपुर जिला अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 303 जामटोली में एक बुजुर्ग की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है,बताया जा रहा बुजुर्ग मतदान देने मौके पर पहुंच गया था इस दौरान अचानक तबियत बिगड़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## मतदान केन्द्र के बाहर निकला कोबरा सांप

कोतबा। नागलोक के नाम से मशहूर जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गंझियाडीह माध्यमिक शाला के



मतदान केन्द्र क्रमांक 209 में सुबह 10:30 बजे अचानक कोबरा सांप निकल गया। मतदान केन्द्र के बाहर इधर उधर सांप को घूमते देख मतदाता डर गए। ग्रामीण शिवकुमार साय ने स्नैक रेस्क्यू करने कोतबा के मयंक शर्मा को सूचना देकर बुलाया। मयंक शर्मा तत्काल मतदान केन्द्र पहुंचे और काफी जदोजहद के बाद कोबरा सांप को डिब्बे में बंद कर जंगलों में छोड़ दिया।

## केंद्र पर मधुमक्खियों का हमला, पांच घायल

अंबिकापुर। मतदान के दौरान बलरामपुर जिले के सामरी विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 244 जवाहरनगर में अचानक मधुमक्खियों ने



हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से मतदान करने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गई। जवाहर नगर का पोलिंग बूथ भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के गांव से लगा हुआ हुआ है। मधुमक्खी के हमले में पांच लोग घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ समय बाद स्थिति समय हो गई जिसके बाद फिर से मतदान का कार्य शुरू कराया।

## ये हैं भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशी

मंगलवार को जिन सात सीटों के लिए मतदान हुआ है, उन सीटों पर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी इस प्रकार है। इन सभी का राजनीतिक भविष्य ई वीएम में कैद हो गया है। रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल (भाजपा) विकास उपाध्याय (कांग्रेस) दुर्ग विजय बघेल (भाजपा) राजेंद्र साहू (कांग्रेस) बिलासपुर तोखन साहू (भाजपा) देंवेंद्र सिंह यादव (कांग्रेस) ▶▶ शेष पेज 4 पर

















हरिभूमि रण भूमि लोकसभा सत्ता संग्राम-2024





हाथरथ, यूपी में
फर्स्ट टाइम वोटर

# लोकतंत्र के महापर्व में छत्तीसगढ़ की पूर्णाहुति

## राज्यपाल हरिचंदन ने किया मतदान

रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन एवं प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन ने मंगलवार को सिहावा भवन सिविल लाईन्स स्थित आदर्श मतदान केंद्र 170 पहुंच कर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।



*छत्तीसगढ़ सहित देशभर में तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को हुआ। छत्तीसगढ़ की 11 में से अंतिम सात सीटों के लिए लोगों ने वोट किया। तीसरे चरण के तहत रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा (अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित), सरगुजा (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) और रायगढ़ (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) सीट पर सुबह सात बजे मतदान प्रारंभ हुआ तथा शाम छह बजे समाप्त हो गया। इसके साथ ही लोकतंत्र के इस महापर्व में धान का कटोरा कहे जाने वाले इस राज्य की पूर्णाहुति हो गई। प्रदेश में इस चरण में कुल 168 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन सीधा मुकाबला सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी कांग्रेस के बीच है। मंगलवार को आमलोगों के साथ-साथ मंत्री, नेता, अफसरों सहित कई वीआईपी ने भी उत्साह दिखाया और लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट के जरिए अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई...*





मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद और राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार एक फ्रेम में सपत्नीक वोट डालने के बाद।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने रायपुर के धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया।





2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत मुख्य सचिव अमिताभ जैन पत्नी रितु जैन के साथ देवेन्द्र नगर आफिसर्स कॉलोनी स्थित आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 52 में मतदान किया।

## एंबुलेंस से पहुंचे वोट देने



दुर्ग के मुकुट नगर निवासी 76 वर्षीय बिसहुआ प्रसाद शुक्ला ने गंभीर रूप से बीमार होने के बावजूद एंबुलेंस से मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उनके परिजनों ने बताया कि बिसहुआ प्रसाद शुक्ला को करीब सप्ताह भर पहले पैरालिसिस का अटैक पड़ा, जिसके बाद से वे रायपुर के एमएमआई हॉस्पिटल के आईसीयू में थे। हास्पिटल से रिलीव होते ही वे एम्बुलेंस से सीधे दुर्ग लोकसभा के तितुरडीह मतदान केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



डीजीपी अशोक जुनेजा




सचिव डा. कमलप्रीत सिंह



सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी



मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े परिवार के साथ



पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव



धरमलाल कौशिक



पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल



नारायण चंदेल



मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

## छत्तीसगढ़ के प्रत्याशियों ने चुनी 'सरकार'



रायपुर भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल



रायपुर कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय



भिलाई। दुर्ग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने मंगलवार को दुर्ग शहर के वार्ड क्रमांक 38 मिलपारा के मतदान केंद्र पर पूरे परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचकर अपना वोट डाला।



बिलासपुर कांग्रेस प्रत्याशी व भिलाई विधायक देवेंद्र यादव




बिलासपुर भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने जांजगीर लोकसभा क्षेत्र में स्थित अपने गृहग्राम सारागांव में मतदान किया।



बिलासपुर कांग्रेस प्रत्याशी व भिलाई विधायक देवेंद्र यादव



बिलासपुर भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू

## मंत्री/पूर्व मंत्री



कृषि मंत्री रामविचार नेताम।



उपमुख्यमंत्री अरुण साव



पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय

## देश के दिग्गज



इटावा, यूपी में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपरिवार वोट डाला।



अहमदाबाद गुजरात में गृहमंत्री अमित शाह पत्नी सोनल बेटे जय, बहु ऋषिता के साथ वोट डालने के बाद।



बारामती, महाराष्ट्र के एक मतदान केंद्र पर राकांपा प्रमुख शरद पवार

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**रायपुर**

**बुधवार, 8 मई 2024**

बैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या

वर्ष : 22, अंक : 290

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**


haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 38.9

न्यून. 28.3

## भूपेश कल जाएंगे रायबरेली



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उत्तरप्रदेश के रायबरेली लोकसभा सीट में राहुल गांधी के चुनावी अभियान में शामिल होने 9 मई को रायबरेली रवाना होंगे। वहां वे मतदान की तिथि 20 मई के पहले लौटेंगे। एआईसीसी ने श्री बघेल को रायबरेली में सीनियर पर्यवेक्षक बनाकर भेजा है। उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान श्री बघेल ने वहां की पूरी जिम्मेदारी संभाली थी। अपने पुराने अनुभव के आधार पर वे रायबरेली के चुनाव में कमान संभालेंगे। बताया जाता है कि रायबरेली और अमेठी सीट को कांग्रेस की परंपरागत सीट मानते हुए यहां की पूरी जिम्मेदारी प्रियंका गांधी को सौंपी गई है। इन सीटों में छत्तीसगढ़ और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्रियों को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त कर कांग्रेस ने चुनाव जिताने की जिम्मेदारी दी है। 9 मई को रायबरेली पहुंचने के बाद वे वहां चुनाव प्रचार खत्म होने तक चुनाव की पूरी कमान अपने हाथों में रखेंगे। उनके साथ छत्तीसगढ़ से कुछ कांग्रेसी नेता के वहां जाने की संभावना है। हालांकि अभी तक नाम तय नहीं हुए हैं, लेकिन उनके कई समर्थक वहां जाएंगे। रायबरेली में नामांकन भरने का काम पूरा हो गया है। अब वहां पर प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशी उतारे हैं। इंडिया गठबंधन के बीच वहां पर सीटों का बंटवारा हुआ है। ऐसे में कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों का प्रचार में सहयोग लिया जाएगा। कांग्रेस ने दोनों सीटों पर अंतिम समय पर प्रत्याशियों की घोषणा की है।

- **रायबरेली में सीनियर पर्यवेक्षक की दी गई जिम्मेदारी**

# प्रदेश में चुनाव खत्म, पर नेताओं को अभी फुर्सत नहीं, साय जाएंगे ओडिशा, भूपेश रायबरेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

प्रदेश में अंतिम चरण के मतदान के साथ ही यहां पर तो चुनाव समाप्त हो गया है, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं को फुर्सत मिलने वाली नहीं है। अब भाजपा नेताओं का लगातार एक माह तक दूसरे राज्यों का दौरा रहेगा। मुख्यमंत्री साय की ओडिशा में बुधवार और गुरुवार को सभाएं होंगी। इसके बाद आगे राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर दूसरे राज्यों का दौरा होगा। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव को ओडिशा का जिम्मा दिया गया है। इसी तरह से प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय झारखंड जाएंगे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल मप्र जा रहे हैं। इधर, कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायबरेली जाएंगे।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव तीन चरणों में हुआ। अंतिम चरण में मंगलवार को सात लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ है। इसी के साथ अब प्रदेश में तो चुनावी गतिविधियां थम गईं हैं, लेकिन प्रदेश के नेताओं को आराम मिलने वाला नहीं है। इनके लिए ▶▶|शेष पेज 4 पर

## पवन साय संभालेंगे झारखंड की कमान, जामवाल भोपाल रवाना

### साय की ओडिशा में आज दो सभाएं



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रदेश में सबसे ज्यादा 66 सभाएं हुईं हैं। इसी के साथ इस बीच उनका दूसरे राज्यों में भी जाना हुआ है। वे अब तक दूसरे राज्यों में भी आधा दर्जन सभाएं ले चुके हैं। अब प्रदेश के चुनाव से फुर्सत पाने के बाद राष्ट्रीय संगठन ने उनको ▶▶|शेष पेज 4 पर

### किरण देव भी जाएंगे



भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव भी बुधवार को यहां से ओडिशा जाएंगे। उनको राष्ट्रीय संगठन ने चौथे चरण के चुनाव तक ओडिशा में रहने के निर्देश दिए हैं। श्री देव ओडिशा में चुनावी रणनीति बनाने में ओडिशा संगठन की मदद करेंगे। उनकी कुछ सभाएं ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पवन साय को झारखंड का जिम्मा



प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को राष्ट्रीय संगठन ने झारखंड का जिम्मा सौंपा है। श्री साय वहां पर 13 से 25 मई तक रहेंगे। इसी के साथ प्रदेश के महामंत्री संजय श्रीवास्तव भी झारखंड जाएंगे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को मप्र जाने के निर्देश मिले हैं। ▶▶|शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 — स्कोर बोर्ड**

दिल्ली 221/8 VS राजस्थान 201/8

दिल्ली कैपिटल्स 20 रन से जीती

कुलदीप यादव

प्लेयर ऑफ द मैच

**आज का मैच**

लखनऊ VS हैदराबाद

समय : शाम 7.30 बजे

## लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण : 11 राज्यों में 93 सीटों पर करीब 62 प्रतिशत मतदान

# असम में सबसे ज्यादा तो महाराष्ट्र में सबसे कम मतदान, पश्चिम बंगाल में छिटपुट हिंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 निर्वाचन क्षेत्रों में करीब 62 प्रतिशत मतदान हुआ। रिपोर्ट के अनुसार तीसरे चरण में असम में सबसे ज्यादा और महाराष्ट्र में सबसे कम मतदान की खबर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मतदाताओं से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने की अपील की। इसके बाद पीएम मोदी ने अहमदाबाद के निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में मताधिकार का प्रयोग किया।*

पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में छिटपुट हिंसा की सूचना मिली हैं। निर्वाचन आयोग के रात नौ बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक असम में सबसे अधिक 75.53 प्रतिशत मतदान हुआ, गोवा में 74.47 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि महाराष्ट्र में सबसे कम 54.54 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, बिहार में 56.55 प्रतिशत और गुजरात में 56.98 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल मतदान प्रतिशत करीब 61.89 फीसदी रहा। आयोग के अनुसार, ये 'अनुमानित' आंकड़े हैं और जैसे-जैसे ब्योरा एकत्र किया जा रहा है, इनके बढ़ने की संभावना है। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। मतदान समाप्त होने का आधिकारिक समय शाम छह बजे था, हालांकि इससे पहले (छह बजे से पहले) मतदान केंद्र पहुंच कतार में लगे मतदाताओं को अवसर प्रदान करने के कारण इसमें इजाफा किया गया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 57.34 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 66.87 प्रतिशत, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव में 65.23 प्रतिशत, कर्नाटक में 68.85 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में 64.02 प्रतिशत मतदान हुआ। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मतदान प्रतिशत

| | |
|---|---|
| असम 75.53 | मध्य प्रदेश 64.02 |
| गोवा 74.47 | महाराष्ट्र 54.54 |
| प. बंगाल 73.93 | बिहार 56.55 |
| कर्नाटक 68.85 | गुजरात 56.98 |
| छत्तीसगढ़ 66.87 | उत्तर प्रदेश 57.34 |
| नगर हवेली 65.23 | |





### तीसरे चरण में 120 महिला प्रत्याशी

तीसरे चरण में लगभग 120 महिलाओं सहित 1,331 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल 543 सीटों में से पहले दो चरण में 189 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है। अगले चार चरण में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी।

**कुछ ऐसे नजारे दिखे**

### वृद्धावस्था और विकलांगता के बावजूद डाला वोट

- गुजरात के नाडियाड में अंकित सोनी ने अपने पैर से वोट डाला। 20 साल पहले बिजली का झटका लगने की वजह से उन्होंने अपने दोनों हाथ खो दिए थे।
- उत्तर प्रदेश के हाथरस में रात रानी ने अपनी दिव्यांग बेटी 27 वर्षीय कमला के साथ वोट डाला। रानी कमला को मतदान केंद्र के अंदर ले गईं।
- कर्नाटक के बीदर के कपालापुर गांव में 110 वर्षीय गट्टीगिट्टी लक्ष्मीबाई अपने बेटे और पोते के साथ वोट डालने पहुंचीं, जबकि 100 वर्षीय गुरमा ने सिंदबंदगी गांव में मताधिकार का प्रयोग किया।
- जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पहला वोट दृष्टिबाधित मोहम्मद अली राठेर ने घर से मतदान की पहल के तहत डाला।
- भोपाल में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लकी ड्रॉ का आयोजन किया। पुरस्कारों में हीरे की अंगूठी, घरेलू सामान और रेस्तरां में छूट आदि शामिल थी।

# कश्मीरी पंडितों के कातिल समेत तीन आतंकियों का घाटी में एनकाउंटर



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने चुनाव से पहले लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर और कश्मीर में आतंकी संगठन टीआरएफ के प्रमुख बासित अहमद डार समेत तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। बासित अहमद डार का मारा जाना सुरक्षाबलों के लिए बड़ी कामयाबी है। कारण यह वही आतंकी है, जिसने घाटी में कई कश्मीरी पंडितों समेत प्रवासियों की टारगेट किलिंग को अंजाम दिया था। डार पर 10 लाख रुपए का इनाम था।

- **कुलगाम में मुठभेड़, 10 लाख का इनामी लश्कर कमांडर ढेर**

### 18 मामलों में शामिल था बासित

आईजीपी वी के बिरधी ने बासित अहमद डार के मारे जाने को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि वह श्रीनगर शहर में हुई घटनाओं सहित 18 मामलों में शामिल था। आईजीपी ने कहा, वह पुलिसकर्मियों और निर्दोष नागरिकों की हत्या में शामिल था। वह कश्मीर घाटी में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में शामिल था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2022 में डार पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

### कुलगाम का रहने वाला था आतंकी डार

अधिकारियों के मुताबिक, बासित कई हत्याओं का मास्टरमाइंड था. रेडवानी के कुलगाम का निवासी बासित, जो अपने घर से लापता हो गया था। इसके बाद वह लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) में शामिल हो गया था। आतंकी संगठन से जुड़ने पर उसने कई टारगेट किलिंग को अंजाम दिया, उसे आतंकी संगठन टीआरएफ का कश्मीर चीफ बनाया गया था। सुरक्षाबलों को उसकी लंबे समय से तलाश थी।

## खबर संक्षेप

### बोइंग की पहली अंतरिक्ष यात्री उड़ान स्थगित


**केप केनावेरल।** बोइंग ने रॉकेट में वॉल्व संबंधी समस्या के कारण अपने पहले अंतरिक्षयान प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया। नासा के दो



परीक्षण पायलटों ने प्रक्षेपण के तय समय में उड़ान के लिए बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल में प्रवेश किया ही था, तभी स्थगित कर दिया गया। एटलस रॉकेट के ऊपरी चरण पर एक ऑक्सीजन दबाव-राहत वॉल्व खुलने और बंद होने लगा, जिससे तेज आवाज पैदा हुई।

### ठगी के शिकार इंजीनियर ने की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा में कथित तौर पर लाखों रुपये की ठगी का शिकार होने के बाद एक युवक ने आत्महत्या



कर ली। घटना सोमवार रात रायपुर गांव की है। युवक की पहचान तेलंगाना के निवासी नगुला प्रगति राजू (24) के रूप में हुई है। वह यहां किराए पर रहता था और एक नामी कंपनी में पेशे से इंजीनियर था।

### सांड को बचाने कुएं में उतरे तीन की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के शाहपुरा जिले में एक सांड को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन लोगों की



जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना सोमवार रात आरणी गांव की है जहां दो सांड लड़ते-लड़ते कुएं में गिर गए। इस हादसे में धनराज (26), कमलेश (19) और शंकर (30) की मौत हो गई।

### 666 करोड़ का सोना ले जा रहा बक्सा डूबा, फिर निकाला

**इरोड।** इरोड के पास चिटोड में सोमवार को देर रात करीब 666 करोड़ रुपये मूल्य के 810



किलोग्राम सोने के गहनों से भरा एक निजी बक्सा पानी में डूब गया। बाद में उसे निकाल कर गंतव्य तक पहुंचा दिया गया। गहनों से भरा बक्सा निजी फर्म का था जिसे लेकर एक वैन कल रात कोयंबटूर से सलेम के लिए रवाना हुई थी।

# तीन निर्दलीय विधायकों ने सैनी सरकार से वापस लिया समर्थन

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा को झटका देते हुए तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने राज्य में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है।

तीन विधायकों- सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंदर ने यह भी कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला किया है। तीनों विधायकों ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में रोहतक में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की।

## हरियाणा में सियासी संकट



हरियाणा के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने रोहतक में निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

### कांग्रेस का दावा, अल्पमत में सरकार

उदय भान ने कहा, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि (90 सदस्यीय) हरियाणा विधानसभा की मौजूदा क्षमता 88 की है, जिसमें से भाजपा के 40 सदस्य हैं। नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार अब अल्पमत में है। भाजपा नीत सरकार को पहले जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायकों और निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त था, लेकिन जजपा ने भी समर्थन वापस ले लिया था और अब निर्दलीय भी साथ छोड़ रहे हैं।

**झारखंड नकदी मामला**

# मंत्री का सचिव, करोड़पति घरेलू सहायक गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶| रांची

ईडी ने 32 करोड़ रुपए से अधिक नकदी बरामद होने के मामले में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों ने बताया कि रात भर की गई पूछताछ के बाद दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है।

### ईडी ने जब्त किया पत्र

ईडी ने फ्लैट से मई 2023 में ईडी की रांची इकाई द्वारा झारखंड के मुख्य सचिव को लिखा गया एक आधिकारिक पत्र भी जब्त किया, जिसमें राज्य ग्रामीण विकास विभाग के लिए काम करने वाले ठेकेदारों से ली गई कथित रिश्वत के 'खुलासे' की स्वतंत्र जांच और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

# भगोड़े नीरव को यूके कोर्ट से बड़ा झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का मास्टरमाइंड और भगोड़े नीरव मोदी को युनाइटेड किंगडम की एक कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दरअसल, ईडी के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नीरव मोदी ने लंबी कैद का हवाला देते हुए 16 अप्रैल 2024 को यूके में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट की कोर्ट में 5वीं बार जमानत याचिका दायर की थी, लेकिन 7 मई 2024 को सुनवाई के दौरान इसे खारिज कर दिया गया।

- **5वीं बार खारिज हुई जमानत याचिका**



### 14 हजार करोड़ का लिया था लोन

नीरव मोदी पीएनबी घोटाले का मास्टरमाइंड और मनी लांड्रिंग केस में मुख्य आरोपी है। साल 2018 में नीरव मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक से करीब 14 हजार करोड़ रुपए का लोन लिया था। बैंक को बिना पैसा लौटाए वह ब्रिटेन भाग गया था। पीएनबी ने केस दर्ज कराया था। हालांकि, भारत सरकार लगातार ब्रिटेन के सामने उसके प्रत्यर्पण का मुद्दा उठाती रही है।

## छत्तीसगढ़ में हुई थी कहासुनी, फिर दिया था इस्तीफा

# पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता राधिका ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच मंगलवार को कांग्रेस की पूर्व नेता राधिका खेड़ा और अभिनेता शेखर सुमन यहां भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के मीडिया विभाग की पूर्व राष्ट्रीय समन्वयक खेड़ा ने पार्टी के छत्तीसगढ़ कार्यालय में एक अन्य नेता के साथ अपनी कहासुनी के कुछ दिनों बाद रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे इस्तीफे में खेड़ा ने कहा था कि वह अयोध्या में राम मंदिर की अपनी यात्रा को लेकर पार्टी में विरोध का ▶▶|शेष पेज 4 पर

### अभिनेता सुमन भी भाजपा में

अभिनेता शेखर सुमन ने भाजपा में शामिल होने का मार्गदर्शन देने के लिए ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि भगवान राम जो चाहते हैं, उसे करना होता है। उन्होंने कहा, कल तक, मुझे नहीं पता था कि मैं यहां बैठूंगा। मैं यहां बहुत सकारात्मक सोच के साथ आया हूं। मैं भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने मुझे यहां आने का आदेश दिया।



### पीएम मोदी के संकल्प को हासिल करने

खेड़ा और सुमन का भाजपा में स्वागत करते हुए राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि वे भारत को विकसित देश बनाने के पीएम मोदी के संकल्प को हासिल करने में योगदान देंगे। सुमन के प्रसिद्ध टीवी शो 'मूवर्स एन शेकर्स' का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, हम देखेंगे कि अब कौन हिलता है और कौन हिलाता है।

### खेड़ा का आरोप कांग्रेस राम विरोधी

भाजपा नेताओं के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खेड़ा ने दावा किया कि उन्होंने कांग्रेस इसलिए छोड़ी क्योंकि भगवान राम के दर्शन के लिए अपने परिवार के सदस्यों के साथ अयोध्या जाने के बाद से उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस 'सनातन विरोधी, हिंदू विरोधी और राम विरोधी' बन गई है। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (केंद्र में) की सुरक्षित सरकार के कारण ▶▶|शेष पेज 4 पर




## चिंतन

# कम मतदान लोकतंत्र के लिए चिंता का सबब

सरकार की लाख कोशिश के बावजूद मतदान के प्रति लोगों में वो उत्साह नहीं दिख रहा है, जैसा दिखना चाहिए। पहले व दूसरे के बाद तीसरे चरण में भी मतदान पिछले चुनावों के मुकाबले कम हुए हैं। तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुए हैं, उसमें शाम सात बजे तक के आंकड़े के मुताबिक, 64.08 फीसदी मतदान हुए हैं। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के आंकड़े के मुताबिक, पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनावों में पहले और दूसरे चरण में क्रमशः 69.43 प्रतिशत और 69.17 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 102 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था और दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को 88 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था। 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में दोनों चरणों में मतदान में गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 66.89 फीसदी मतदान हुआ था। तीनों के चरण के ये तुलनात्मक आंकड़े बताते है कि इस बार मतदान कम हो रहे हैं। तीन चरण तक आधी सीटों पर चुनाव पूर्ण हो चुका है। अभी चार चरण के चुनाव बचे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद गुजरात में अपना वोट डालने के बाद लोगों से बढ़चढ़कर मतदान की अपील की है। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान में कमी चिंता का सबब है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भी मतदान प्रतिशत का आंकड़ा चुनाव संपन्न होने के 24 घंटे के अंदर जारी कर देना चाहिए। ईवीएम सिस्टम में ऐसा मैकेनिज्म है कि वोटिंग का आंकड़ा जानने में बहुत वक्त नहीं लगता है। अभी दो चरण के मतदान के बाद चुनाव आयोग ने काफी देर से संशोधित आंकड़ा जारी किया, इससे जनता में, विपक्ष में असंतोष पनपता है। निष्पक्ष और सही तरीके से चुनाव कराना निर्वाचन आयोग का दायित्व है। भारतीय चुनाव आयोग की विश्वभर में साख है, प्रतिष्ठा है, ऐसे में उस पर अधिक जिम्मेदारी है। एक तो सात चरण में चुनाव का इतना लंबा शेड्यूल बना कर निर्वाचन आयोग ने चुनाव को पहले से ही नीरस बना दिया है। पांच चरण में पचीस दिन में चुनाव आराम से कराए जा सकते हैं। एक ही राज्य में अलग अलग चरण में चुनाव कराना भी ठीक नहीं है, इससे भी मतदान के प्रति उदासीनता बढ़ती है। एक राज्य में चुनाव के अलग अलग चरण होने से वहां मतदान के प्रति मोमेंटम बन ही नहीं पाता है। इस बार अप्रैल से जून तक चुनाव कराने का लंबा शेडयूल है। ज्यों ज्यों गर्मी बढ़ेगी, चुनाव कराना और कठिन होता जाएगा। गर्मी के चलते मतदाता बूथ तक आसानी से नहीं आएंगे। इसलिए 15 अप्रैल से 15 मई के बीच सभी चरण के चुनाव संपन्न करा लिए जाते तो, मतदान प्रतिशत के बढ़ने की संभावना अधिक रहती। केंद्रीय चुनाव आयोग को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि चुनाव के दिन, कोई भी दल, कोई भी नेता देश के किसी भी हिस्से में चुनाव प्रचार न करें। इस दिशा में चुनाव आयोग को सख्त नियम बनाना चाहिए। इससे चुनाव कम चरणों में व कम दिनों में चुनाव कराने में आयोग को मदद मिलेगी। यह जरूर है कि लक्षद्वीप में खूब वोटिंग हुई, पश्चिम बंगाल में उम्मीद के अनुरूप वोटिंग हो रही है, लेकिन बिहार, महाराष्ट्र, यूपी, एमपी जैसे राज्यों में कम वोटिंग हो रही है। कम मतदान सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों के लिए संदेश देता है कि क्या वे मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर पा रहे हैं?



दो टूक
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

तीन चरण के चुनाव तक आते आते विकास से शुरू हुए मुद्दे 'वोट जिहाद' जैसे विभाजनकारी सोच तक पहुंच गए हैं। सियास का रूप बदरंग हो रहा है। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी व सपा की नेता मारिया आलम खां ने एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ वोट-जिहाद करने की अपील की है। मुसलामानों को एक होकर चुनाव में वोट जिहाद के नाम पर वोट डालन के लिए कहना एक ओछी कोशिश है और यह भारत की एकता को तोड़ने की कोशिश भी कही जा सकती है। भारत में जिहाद शब्द पर कायदे से प्रतिबन्ध लगना चाहिए। वोट जिहाद की भावना आना ही लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। मतदान सब करें, लेकिन किसी जिहाद की भावना से नहीं।

# सियासत में वोट जिहाद अस्वीकार्य

जब-जब चुनाव आते हैं, कुछ चौंकाने वाले विमर्श छिड़ जाते हैं। इस लोकसभा के लिए निर्धारित अब तक तीन चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। तीन चरण के बाद खास बात है कि भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर अपनी तीसरी पारी खेलने को लेकर आश्वस्त है। विपक्ष इंडी-गठबंधन के साथ एकजुट भी हैं और बिखरे हुए भी। अगर बीजेपी की सरकार बनती है तो तीसरी बार ऐसा होगा कि विपक्ष कमजोर होगा। तीन चरण के चुनाव तक आते आते विकास से शुरू मुद्दे 'वोट जिहाद' जैसे विभाजनकारी सोच तक पहुंच गए हैं। सियास का रूप बदरंग हो रहा है।

हमारे देश में जब-जब चुनाव होता है, पडोसी देशों और दुनिया के अनेक देशों की नज़रें भारत पर लगी रहती हैं। भारतीय चुनाव में अपनी दिलचस्पी दिखने वाले देशों के अपने-अपने निहितार्थ हैं। विश्व की मीडिया की नज़रें भी भारत पर बनी रहती हैं। कॉर्पोरेट जगत के लोगों की निगाह रहती है। धर्म के ठेकेदारों की भी नज़र भारत के चुनावों में होती है। अब इन सब काग-दृष्टि के बीच भारत अपनी डेमोक्रेसी को लेकर बहे जा रहा है। इस वर्ष एक नया मुद्दा विमर्श के केंद्र में आया है-वोट जिहाद का।

भारत में यह नया सत्य है या शिगूफा, यह तो आने वाला समय तय करेगा लेकिन मुद्दा दिलचस्प है और विष्फोटक भी है। वोट जिहाद अपनी नई टर्मिनोलॉजी के साथ अब दस्तक दे ही दिया है तो वोट में प्रतिभागिता कर रही पार्टियाँ एक-दूसरे को मुहतोड़ ज़वाब ददे रही हैं। भारतीय चुनाव हो और विवादित बोल न हों, मजहब और धर्म न टकराए, भारत पाक की चर्चा न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। एक-दूसरे पर आरोप लगाती पार्टियों में अब यही सब वोट बटोरने के तरीके बन गए हैं। यहाँ विकास व भारतीय उत्कर्ष के मुद्दे पीछे रह जाते हैं। यहाँ प्रकृति और पर्यावरण के मुद्दे पीछे रह जाते हैं। यहाँ संविधान को ताक पर रखकर मुह्जोरी शुरू हो जाती है जो कि देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। अब यह ताजा तकरार मारिया आलम खां के उस बयां से गरमाया है जिसमें उन्होंने एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ वोट-जिहाद करने की अपील कर डाली। मुसलामानों को एक होकर चुनाव में वोट जिहाद के नाम पर वोट डालन के लिए कहना एक ओछी कोशिश है और यह भारत की एकता-अखंडता को तोड़ने की कोशिश भी कही जा सकती है। भारत में जिहाद शब्द पर कायदे से प्रतिबन्ध लगना चाहिए, जिसकी सनातन परम्परा व साझी संस्कृति की लंबी विरासत है, उस देश में वोट जिहाद के माध्यम से भारतीय एकीकरण को खंडित करने, तोड़ने की यह क्रूर कोशिश मानी जा रही है। मारिया आलम खां कोई बच्ची नहीं हैं। वह चुनाव में एक जन-समूह को यदि संबोधित कर रही थीं, तो उन्हें ऐसा बयान देने का कोई हक तो नहीं ही है। विदेशों में राहुल गाँधी का संबोधन जिसमें उन्होंने अल्पसंख्यकों के साथ भारत में हो रहे अन्याय का जिक्र किया था और अब मारिया खां का वोट जिहाद के नाम पर सांप्रदायिक पार्टी बताकर बीजेपी को रोकने का जब बयान आया तो ये दोनों बातें कहीं न कहीं जुड़ती हैं। सत्ताधारी बीजेपी को ऐसे बयान के माध्यम से रोकने की कोशिश भले न कामयाब हो लेकिन मारिया के इस बयान



से विपक्ष और इंडी-गठबंधन को ज़रूर नुकसान होगा, यह तो तय है। इससे दो बातें और भी सामने उभरती हैं एक, क्या बीजेपी से डरी हुई बाहरी ताकतें यह सब प्रायोजित रूप से करवा रही हैं? या बीजेपी के तीसरी बार सत्ता में आने से उनमें डर समाया है, यह बात समझने की है। वोट जिहाद कोई मामूली नारा नहीं है। यह एक षड्यंत्रकारी कोशिश भी मानी जा सकती है जो भारतीय प्रजातंत्र के खिलाफ है। देखा जाए तो यह विद्वेष फ़ैलाने, भारतीय समरसता को समाप्त करने और भारत की विकास करने में एक अवरोध है। इसे सामान्य रूप से नहीं लिया जा सकता। यह एक गंभीर मामला है। यह राष्ट्र विरोधी बयान है जो चुनाव के तीसरे चरण आते-आते दस्तक दे दी है। इसमें ऐसी भी संभावना है कि कुछ खुद का साम्राज्य स्थापित करने वाली बर्चस्ववादी शक्तियों की जानी-समझी चाल हो, क्योंकि चुनाव के बीच ऐसा बयान आया है। बीजेपी ने हालांकि इस पर अपने मतदाताओं को सचेत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसका दूरगामी परिणाम क्या होगा, इस पर टिपण्णी की है लेकिन ऐसे बोल भारत में बोले ही क्यों जाएँ, जो देश को हिलाकर रख दें। यद्यपि मारिया के पारिवारिक सदस्य और विपक्ष मारिया के उस बयान को उसका निजी बयान बताकर किनारा कर लिए हैं लेकिन बात निकली है तो दूर तलक जाएगी ही। अब सलमान खुर्शीद के परिवार को प्रगतिशीलता के आईने से नहीं देखा जाएगा, जैसा अब तक देखा जा रहा था। मारिया सलमान खुर्शीद की भतीजी हैं। चुनाव के दौरान बिगड़े बोल भारतीय मूल अस्मिता व पहचान को विद्रूप बना देते हैं। यदि असंसदीय भाषा, असंसदीय गतिविधि और अमर्यादित बयान इसी तरह जारी रहे तो राष्ट्र के लिए यह ठीक नहीं है। षडयंत्रकारी शक्तियां इससे अपने मंसूबों में कामयाब होंगी। देशहित तो कतई नहीं होगा। वोट जिहाद जैसी बात संविधान की गरिमा का अपमान है। कदाचित ऐसे अमर्यादित बयान से चुनाव में प्रतिभागिता कर रही पार्टियाँ बच नहीं सकती क्या? बिना हिन्दू-मुसलमान किये भी चुनाव हो सकता है। जाति, क्षेत्र, धर्म, मजहब अपने-बेगाने कहने सुनने से ज्यादा ज़रूरी है देश, संविधान, जन और सबके बीच सहिष्णुतापूर्ण जीवन-धर्म। राजनेता चाहे वे किसी भी दल के सदस्य हों, उन्हें देश की आत्मशक्ति को कमजोर करने से बचना चाहिए।

दुनिया में विघटनकारी शक्तियों की मंशा होती है तोड़ना। वे तोड़ेंगे। विखंडित करेंगे। अस्थिर करेंगे। इसके लिए वे हमारे बीच से ही किसी को मोहरा बनाकर अपने निजी स्वार्थ को सिद्ध करने की कोशिश करेंगे। चुनाव का समय इसके लिए सबसे ज्यादा उर्वर व उपजाऊ होता है। वे विषाद व विष के फसल उगाने की पूरी कोशिश करेंगे। इसमें आवारा पूंजी का निवेश करेंगे। भ्रमित करके लोकतंत्र की शक्ति को कमजोर करेंगे। ऐसे ही कोशिश से निकला है वोट। लव जिहाद, लैंड जिहाद के बाद वोट जिहाद कहीं हमारा व हमारी सदृढ़ भारतीय एकता का फ्यूचर किलर न बन जाये, इसे गंभीरता से नहीं सोचा गया तो भारत को कोई नहीं बचा पाएगा। मतदान के दौरान और बाद में भी भारत तो हम सबका है, फिर यहाँ किसी जिहाद की जगह आखिर हो ही क्यों? देश का जन-जन, सबका सुन्दर मन यदि किसी भी तात्कालिक उकसावे से ऊपर उठकर देश के बारे में नहीं सोचेगा, तो ऐसी विघटनकारी ताकत हम पर हावी होंगी। भारतीय गरिमा की रक्षा के लिए अच्छा क्या है और बुरा क्या है, इसे हम सभी को ही तो सोचना । आज जब वोट जिहाद जैसे प्रश्न हमारे सामने खड़े हों तो हमें भारतीय मन से ज्यादा सोचने की ज़रूरत है, जिसमें समष्टिगत लाभ निहित हैं। यदि भारतीय जन भारतीयता के मन से एकजुट रहेंगे तो नफ़रत रूपी रेत की भीत पर उगे वोट जिहाद की उम्र बिलकुल मामूली है, यह एक बड़ा सच है।

(लेखक भारत के महामहिम राष्ट्रपति जी के ओएसडी रह चुके हैं। आप पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफेसर, अहिंसा आयोग और अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

राजनीति
आर.के. सिन्हा



# सिर्फ हिन्दुओं की जातियों की चर्चा करने वाले कौन?

हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है, इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां ( उस संसदीय क्षेत्र में ) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है, पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे।

अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बार-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे।

खैर, अपने को बाबा साहब अंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, "जाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है।" भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओर्थोडोक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलतः एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों के द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं। जब कभी भारतीय ईसाइयों की तरफ देखा जाए तो इन वास्तविकताओं को समझना चाहिए। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच उस तरह की कटुतापूर्ण स्थिति नहीं है जैसी हम मुसलमानों के सुन्नी और शिया संप्रदायों में देखते हैं। वहां पर तो कटुता ना होकर दुश्मनी है। सुन्नी देश में शिया की हत्याएं हो रही हैं।

सिख धर्म में जाति का मुद्दा काफी जटिल है। गुरु गोबिंद सिंह ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा की स्थापना के साथ सभी जातिगत असमानता को समाप्त कर दिया था। आस्थावान सिख जातिगत भेदभाव नहीं करते हैं लेकिन जाति सिख धर्म में मौजूद है, हालांकि शेष भारतीय समाज की तुलना में एक कमजोर रूप में। वैसे सिखों की कुछ प्रमुख जातियों में जाट, अरोड़ा, खत्री, रामगढ़िया, सैनी, छिम्बा आदि हैं। अब बड़ा सवाल यही है कि लोकसभा से लेकर ग्राम पंचायत के चुनावों में जातियों के महत्व पर बात करने वालों को सिर्फ हिन्दुओं की ही जाति क्यों दिखाई देती है। क्या उन्हें अन्य धर्मों में जाति के असर की जानकारी नहीं है? इससे साफ है कि बहुत सारे स्वयंभू विद्वान अपने को प्रगतिशील साबित करने के लिए हिन्दू धर्म में फैली गड़बड़ियों पर लिखते-बोलते हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हमारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित
दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है।


## तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गर्मी की दस्तक के साथ ही गहराया जलसंकट

छत्तीसगढ़ में बढ़ती गर्मी के प्रकोप के साथ ही हर वर्ष पानी की समस्या से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश में तो हर गांव में पानी की किल्लत देखने को मिलती है। गर्मियों की दस्तक के साथ ही प्रदेश की राजधानी रायपुर में भी पानी का संकट शुरू हो गया है। गर्मियों के दौरान यह समस्या अमूमन हर साल शहर में देखने को मिलती है। अगर समय रहते जलशक्ति विभाग के अधिकारी पेयजल की सप्लाई सुचारू रखने की ओर ध्यान दें, तो इस समस्या से लोगों को राहत मिल सकती है और पानी के लिए इधर-उधर भटकना भी नहीं पड़ेगा। इसलिए सरकार को समय रहते ऐसी योजनाओं की ओर ध्यान देना चाहिए।

**-संजय राठौर, रायपुर**

## ट्रेंड

### अच्छी चिकित्सा सुविधा



श्री राधास्वामी सत्संग ब्यास द्वारा संचालित हमीरपुर के भोटा में चैरिटेबल हॉस्पिटल अनेक लोगों की अच्छी चिकित्सा सुविधा का माध्यम बना है, वहीं दूसरी तरफ़ब्यास के अनेक केंद्र सामाजिक, आध्यात्मिक उत्थान के केंद्र के रूप में स्थापित हैं।

**-अनुराग ठाकुर, केंद्रीय मंत्री**

### देश को मजबूत किया



आज देश के हर कोने में युवा-बेरोजगारी, महिलाएं-अत्याचार, दलित, आदिवासी, पिछड़े और माइनॉरिटी-भयंकर भेदभाव झेल रहे हैं। कांग्रेस ने सभी की तरक्की और वंचितों को न्याय दिलाने के साथ ही देश को मजबूत किया है।

**-सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता**

### जातियों को आरक्षण



आरक्षण का आधार धर्म नहीं बल्कि सामाजिक पिछड़ापन होता है। मंडल कमीशन हमने लागू करवाया है। मंडल कमीशन में 3500 पिछड़ी जातियों को आरक्षण मिलता है जिसमें अन्य धर्मों की भी सैंकड़ों जातियों को आरक्षण मिलता है।

**-लालू यादव, राजद नेता**

### अपना वोट अवश्य डालें



मतदान अधिकार, विशेषाधिकार और एक जिम्मेदारी है जिसे महान राष्ट्र के नागरिक के रूप में हम सभी साझा करते हैं। हमारे लोकतंत्र में प्रत्येक वोट एक शक्तिशाली आवाज है। भारत के भविष्य को आकार देने के लिए अपना वोट डालें। जय हिन्द।

**-गौतम अडाणी, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# इजराइली सेना का रफह क्रॉसिंग पर नियंत्रण

इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार से मंगलवार की रात तक दक्षिणी गाजा पट्टी में रफह क्रॉसिंग के गाजा की ओर के हिस्से पर 'परिचालन नियंत्रण' स्थापित कर लिया है। इजराइली मीडिया पर प्रसारित फुटेज में क्रॉसिंग के गाजा की ओर एक इजराइली झंडा लहराता हुआ दिखाया गया। हालांकि इजराइली सेना ने इस झंडे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इजराइली सेना ने सोमवार रात को कहा कि वह पूर्वी राफह में 'लक्षित हमले' कर रही है। इसमें कहा गया है कि अभियान में हमास के 20 आतंकवादी मारे गए और सुरंग में तीन शाफ्ट की खोज की गई। इजराइली सेना के एक अधिकारी ने कहा कि निकासी क्षेत्र में मौजूद अधिकतर लोग वहां से चले गए हैं। इजराइली रक्षा बलों और फलस्तीन के अधिकारियों ने कहा कि गाजा शहर के ठीक दक्षिण में क्रॉसिंग को इजराइली टैंकों ने अपने कब्जे में ले लिया है। ये टैंक हथियारों से लैस ब्रिगेड का हिस्सा हैं। फलस्तीनी क्रॉसिंग अथॉरिटी के प्रवक्ता वाएल अबू उमर ने कहा कि क्रॉसिंग युद्धग्रस्त पट्टी में मानवीय सहायता का मुख्य प्रवेश द्वार था, जो कि सेवा से बाहर था।



## ऑफ बीट

# शुक्र ग्रह अनुमान से ज्यादा तेजी से पानी खो रहा

आज, हमारे पड़ोसी ग्रह शुक्र का वातावरण पिज्जा ओवन जितना गर्म और पृथ्वी पर सबसे शुष्क रेगिस्तान से भी ज्यादा सूखा है - लेकिन यह हमेशा ऐसा नहीं था। अरबों साल पहले शुक्र ग्रह पर उतना ही पानी था जितना आज पृथ्वी पर है। यदि वह पानी कभी तरल था, तो शुक्र कभी रहने योग्य रहा होगा। समय के साथ, वह सारा पानी लगभग नष्ट हो गया है। यह पता लगाने से कि कैसे, कब और क्यों शुक्र ने अपना पानी खो दिया, मेरे जैसे ग्रह वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलती है कि क्या चीज़ किसी ग्रह को रहने योग्य बनाती है - या क्या चीज़ एक रहने योग्य ग्रह को एक निर्जन दुनिया में बदल सकती है। वैज्ञानिकों के पास सिद्धांत हैं जो बताते हैं कि अधिकांश पानी क्यों गायब हो गया, लेकिन जितना उन्होंने अनुमान लगाया था उससे कहीं अधिक पानी गायब हो गया है। मई 2024 के एक अध्ययन में, मैंने और मेरे सहयोगियों ने पानी हटाने की एक नई प्रक्रिया का खुलासा किया जिस पर दशकों से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन यह पानी की कमी के रहस्य को समझा सकता है। ऊर्जा संतुलन और पानी की शीघ्र हानि सौर मंडल में एक रहने योग्य क्षेत्र है - सूर्य के चारों ओर एक संकीर्ण वलय जिसमें ग्रहों की सतह पर तरल पानी हो सकता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## नौसेना ने की दक्षिण चीन सागर में पूर्वी बेड़े की तैनाती

# चीन पर नकेल कसेगा भारत, तीन जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन पहुंचे सिंगापुर



*पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग आरएडीएम राजेश धनखड़ के नेतृत्व में नौसेना के जहाज दिल्ली शक्ति और किल्टन 6 मई को सिंगापुर पहुंचा है। जहां सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने स्वागत किया।*

**एजेंसी ▶▶ सिंगापुर**

दक्षिण चीन सागर में नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में तीन भारतीय नौसेना जहाज सिंगापुर पहुंचे हैं।

भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन सोमवार को सिंगापुर पहुंचा है। मौजूदा तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करती है। यह यात्रा दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है।

- सीमा सड़क संगठन 18 परियोजनाओं पर कार्य करने वाला महत्वपूर्ण संगठन
- सिंगापुर नौसेना और भारतीय उच्चायुक्त ने गर्मजोशी से स्वागत किया
- यह प्रक्रिया दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करती है

### सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ मित्र देशों में भी सड़कें बनाईं



*सीमा सड़क संगठन ने मंगलवार को अपना 65वां स्थापना दिवस मनाया। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा कि बीआरओ ने भूटान, म्यांमार, अफगानिस्तान और तजाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ मित्र देशों में भी सड़कें बनाई हैं।*

### सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा संगठन

उन्होंने सीमा सड़क संगठन को एक अत्यंत महत्वपूर्ण संगठन बताया, जो सीमावर्ती क्षेत्रों में देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रक्षा सचिव ने आग्रह किया कि परियोजनाओं को तीव्र गति से पूरा करने के लिए नवीनतम तकनीक अपनाई जाए। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने सिल्कयारा सुरंग ढहने और सिक्किम बाढ़ के दौरान राहत और बचाव प्रयासों में सीमा सड़क संगठन कर्मियों के बहुमूल्य योगदान को याद किया। रक्षा सचिव अरमाने ने सेला सुरंग पर कुछ पुस्तकों का अनावरण भी किया। उन्होंने वर्ष 2023-24 के लिए सीमा सड़क संगठन कर्मियों को उत्कृष्टता पुरस्कार और महिलाओं को सम्मानित किया।

### स्थानों को जोड़ने का कार्य जारी रखें

*सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने कहा कि बीआरओ की टैगलाइन 'इन द साइलेंस ऑफ आवर ग्रेट माउंटेन्स-वर्क स्पीक्स' संगठन के समर्पण, दृढ़ता और देश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन पर प्रभाव को दर्शाती है। उन्होंने सभी रैंकों से जुड़े कर्मियों का आह्वान किया कि वे स्थानों को जोड़ने का कार्य करें।*



# गैस पाइपलाइन पर अमेरिका ने दी थी पाक को धमकी! ईरान ने की टिप्पणी

## 14 साल से अटकी है 1900 किमी की गैस परियोजना

**एजेंसी ▶▶ तेहरान**

ईरान और पाकिस्तान के बीच दशकों पहले प्रस्तावित गैस पाइपलाइन अभी भी अधर में लटका हुआ है। अमेरिका ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर ईरान के साथ कोई भी डील की जाती है तो उसे प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका की इस धमकी के बाद अब ईरान का भी बयान सामने आया है। ईरान ने कहा है कि पाकिस्तान और ईरान प्रोजेक्ट को पूरा करना चाहते हैं लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव की वजह से देरी हो रही है। ईरान के महावाणिज्य दूत हसन नौरानी ने कहा कि पाकिस्तान की सरकार प्रोजेक्ट को पूरा करने में तत्परता दिखा रही है।



### 10 साल की मियाद सितंबर में खत्म

*2014 में पाक ने ईरान से पाइपलाइन बिछाने 10 साल का समय मांगा था। यह अवधि सितंबर में समाप्त हो जाएगी। पिछले माह 22-24 अप्रैल के बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी पाक दौरे पर थे।*

### 2010 में हुई थी डील

*ईरान और पाक साल 2010 में ईरान के दक्षिण फेरस गैस फील्ड से पाक के बलूचिस्तान और सिंध प्रांत तक गैस पाइपलाइन बिछाने पर सहमत हुए थे। 1,900 किलोमीटर की पाइपलाइन की मदद से ईरान प्रतिदिन 1 अरब क्यूबिक फीट प्राकृतिक गैस 25 सालों तक पाकिस्तान को देगा।*

चीनी इंजीनियरों की हत्या का फोड़ा ठीकरा

# जिस तालिबान को पाला उसी के आगे रो रहा पाक

**एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद**

पिछले दो माह पहले मार्च के आखिरी हफ्ते में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 5 चीनी इंजीनियरों की हत्या का ठीकरा तालिबान पर फोड़ा है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिस रिलेशंस के महानिदेशक मेजर जनरल अहमद शरीफ ने कहा कि 26 मार्च को खैबर पख्तूनख्वा के शांगला के बिशाम तहसील में एक काफिले पर हमले में पांच चीनी इंजीनियरों की हत्या की साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी। उन्होंने कहा कि बिशाम में एक आत्मघाती हमलावर ने दासू बांध पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों की कार को निशाना बनाया था, जिसके परिणामस्वरूप पांच चीनी नागरिक और एक पाकिस्तानी नागरिक मारे गए थे।



**बम विस्फोट के तार अफ़गानिस्तान से जुड़े:** शरीफ ने कहा कि इस आत्मघाती बम विस्फोट के तार सीमा पार यानी अफ़गानिस्तान से जुड़े हुए हैं। आत्मघाती हमलावर भी एक अफ़गान नागरिक था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना आतंकवाद के इस घिनौने खेल की कड़ी निंदा करती है। और इसके मददगारों को कटघरे में लाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी। उनका देश लंबे समय से अफगान शरणार्थियों को पनाह दे रहा है।

## भारत में तैनात होंगे चीन के राजदूत फेइहोंग



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत नियुक्त किया है। बता दें कि पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास पैदा हो गई थी। अब 18 महीने के बाद चीन ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत बनाकर कुछ अलग संकेत दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है। फेइहोंग इसके पहले अफगानिस्तान और रोमानिय के पूर्व राजदूत रह चुके हैं। फेइहोंग अब भारत में चीन के राजदूत होंगे। बताया जा रहा है कि 60 वर्ष फेइयोंग जल्द ही दिल्ली का दौरा कर सकते हैं।

# तुर्की के फाइटर जेट ने 14 मिनट में भरी 10 हजार फीट ऊंची उड़ान

**इस्तांबुल।** तुर्की के पहले स्टेल्थ फाइटर जेट 'कान' ने दूसरी ट्रायल उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इसने 14 मिनट में 10 हजार फीट की ऊंचाई हासिल की। जो स्टेल्थ फाइटर जेट के हिसाब से बेहद कम है। इसने इस टेस्ट फ्लाइट में करीब 426 किमी प्रति घंटा की स्पीड से उड़ान भरी। सवाल है कि अगर पाकिस्तान ने तुर्की के साथ समझौता करके, यह फाइटर जेट खरीद लिया तो भारत के लिए खतरा होगा। तुर्की, पाकिस्तान और चीन के बीच अच्छे संबंध हैं। पाकिस्तान को चीन ने अपना स्टेल्थ फाइटर जेट जे-31 देने का वादा किया है।



# 3 नए आपराधिक कानूनों पर पाठ्यक्रम की शुरुआत

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

- कर्मयोगी भारत के निदेशक मंडल की 12वीं बैठक में चर्चा

कर्मयोगी भारत के निदेशक मंडल की 12वीं बैठक का आयोजन 3 मई को मुंबई में किया गया। बोर्ड ने आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर एक करोड़ पाठ्यक्रम नामांकन और 1,000 से ज्यादा पाठ्यक्रमों के दोहरे मील के पत्थर को स्वीकार किया। बोर्ड ने राज्यों के मंच के लिए नीति के साथ सहयोग की सराहना की, जिसमें ब्लॉक स्तर एवं जिला-स्तर पर क्षमता-निर्माण पहल का संचालन करने में समर्थ क्यूरेटेड कार्यक्रमों के महत्व पर बल दिया गया है। बैठक की अध्यक्षता के. रामादोराई सुब्रमण्यम ने की।



### यह हैं तीन नए कानून

संसद द्वारा पारित 3 नए आपराधिक कानूनों पर पाठ्यक्रमों का शुभारंभ किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्षी अधिनियम 2023 और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम की सराहना सभी लोगों ने की।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** हर्षिता साहू पिता/पति टेसराम साहू, सुर्वोदय नगर पचपेड़ीनाका रायपुर, कुमारी तांडी पिता/पति रामलाल तांडी, सिविल लाइन थाना शिव साईं के पास रायपुर, गजेन्द्र बंजारे पिता/पति केवल दास बंजारे, धुसेरा सिवनी अभनपुर, भूमिका भोई पिता/पति परमानन्द भोई, शिव विहार बोरिया खुर्द रायपुर, राजेश देवांगन पिता/पति रमण लाल देवांगन, अश्वनी नगर रायपुर, खेम लाल चंद्राकर पिता/पति सालिक राम चंद्राकर, टेकारी, भावेश विश्वकर्मा पिता/पति हुमन विश्वकर्मा, दोंदे कला रायपुर, चेतना पटेल पिता/पति राजेश कुमार पटेल, टेकारी, श्यामलाल पटेल पिता/पति जीवन लाल पटेल, ताज नगर संतोषी नगर रायपुर, श्यामदेव परगनिहा पिता/पति मेघनाथ परगनिहा, भोईपारा चौक रायपुर, अमर कुमार चंद्राकार पिता/पति खूबचंद चंद्राकर, अमर किराना दुकान बिरगांव, रंजन नायक पिता/पति मक्कड़ नायक, आदर्श नगर पहाड़ी चौक गुढ़ियारी रायपुर, रामचंद्र साहू पिता/पति समारू राम साहू, नंदी चौक अमलीडीह रायपुर, रेवाराम साहू पिता/पति बिरझू राम साहू, मोहदा तरपोंगी, तिलक राम साहू पिता/पति श्याम रतन साहू, सरोरा रायपुर, प्रियंका बघेल पिता/पति तुलसी राम बघेल, यादवपारा राजातालाब रायपुर, बोधन लाल साहू पिता/पति परसु राम साहु, देवरी आरंग, शांति देवांगन पिता/पति रमेश देवांगन, वीरभद्र नगर टिकरापारा रायपुर, अनुभा तिवारी पिता/पति भूपेंद्र तिवारी, कृष्ण सखा सोसाइटी डंगनिया रायपुर, सुखलाल साहू पिता/पति जानकी प्रसाद साहू, पुरानी बस्ती रायपुर, मंजू भारद्वाज पिता/पति वी आर भारद्वाज, टेमरी माना रायपुर, केवल राम बोधवानी पिता/पति स्व वेद्यामल, समता कॉलोनी रायपुर, नुन्कू राम यादव पिता/पति भगनु यादव, खमतराई रायपुर, शकुंतला अवस्थी पिता/पति उमाशंकर अवस्थी, दलदल सिवनी मोवा रायपुर, रमेश कुमार साहू पिता/पति शोभा लाल साहू, शिव मंदिर के पास डंगनिया रायपुर, स्वाति जायसवाल पिता/पति जीतेन्द्र जायसवाल, सडडू से 06 रायपुर, चंद्रसुधा पिता/पति भागीरथी पारकर, सी-106 नयी पुलिस लाइन जिला दुर्ग, हनुमंत राव बोरकर पिता/पति विठोबाराव बोरकर, वार्ड 16 कर्मचारी नगर जिला दुर्ग, मनोज ताम्रकार पिता/पति होरीलाल ताम्रकार, राजीव नगर जिला दुर्ग, करुना देशमुख पिता/पति चेतन लाल देशमुख, भेडसर जिला दुर्ग, राजेश्वर प्रसाद साहू पिता/पति स्व. कुशल राम साहू, बोरीडीह पाउवारा जिला दुर्ग, पुनऊ राम यादव पिता/पति केशव राम यादव, गली न. 4 कोनारी बस्तीपारा जिला दुर्ग, मोहम्मद रजा पिता/पति मोहम्मद मुन्सी, म न. वार्ड 31 शनिचरी बाजार आजपुरा जिला दुर्ग, महेंद्र कुमार धोटे पिता/पति माधोराव धोटे, तितुरडीह नयापारा जिला दुर्ग, प्रफुल्ल चन्द्र पंडा पिता/पति स्व. पितवास पंडा, बोरसी जिला दुर्ग, देव कुमार बघमार पिता/पति मन्नूलाल बघमार, ढीमर पारा हनुमार मंदिर के पीछे जिला दुर्ग, मथुरेश चंद्राकर पिता/पति आनंदराम चंद्राकर, बोरसी मीनाक्षी नगर वार्ड न. 53 जिला दुर्ग, जुड़वां सिंह राजपूत पिता/पति स्व. ब्रिजलाल सिंह राजपूत, नयापारा पंचशील नगर सब्जी मार्केट के पीछे जिला दुर्ग, पुरुषोत्तम लाल हरमुख पिता/पति लतेल सिंह हरमुख, टेमरी जिला दुर्ग, शत्रुघ्न लाल यादव पिता/पति स्व. कमल यादव, गया नगर वार्ड न. 4 दुर्ग जिला दुर्ग, रेखा देवी कसेर पिता/पति विनोद कुमार कसेर, दीपक नगर जिला दुर्ग, बालमुकुन्द देवांगन पिता/पति स्व. गजानंद देवांगन, शंकर नगर वार्ड न 11 दुर्ग जिला दुर्ग, घनश्याम चंद्राकर पिता/पति स्व. प्रसाद चंद्राकर, भाठापारा वार्ड 05 दुर्ग जिला दुर्ग, गोपाल दास मानिकपुरी पिता/पति स्व. ईश्वर दास मानिकपुरी, राम जानकी वार्ड न.12 बड़े मंदिर चौक के पास कवर्धा जिला कवर्धा, चन्द्रशेखर शर्मा पिता/पति दामोदर प्रसाद शर्मा, बायपास रोड मिनीमाता कवर्धा जिला कवर्धा, रामभरोसा सिंह ठाकुर पिता/पति कृपाराम सिंह ठाकुर, गुप्ता पारा शक्ति वार्ड 14 कवर्धा जिला कवर्धा, इक़बाल सिंह छाबड़ा पिता/पति स्व. जोगेंद्र सिंह छाबड़ा, घोठिया रोड वार्ड 26 कवर्धा जिला कवर्धा, शिवसहाय गुप्ता पिता/पति विष्णु प्रसाद गुप्ता, वार्ड.13 पांडातराई जिला कवर्धा, हरिराम चन्द्रवंशी पिता/पति स्व. दिनुरम चन्द्रवंशी, संतोषी मंदिर वार्ड न.4 पांडातराई जिला कवर्धा, डेरहा राम साहू पिता/पति शोमनाथ साहु, खडौदा (खुर्द) जिला कवर्धा, गुलशन कुमार दिवान पिता/पति एल डी दिवान, नदी विहार कालोनी कवर्धा जिला कवर्धा, अशोक कुमार मिश्रा पिता/पति श्री राम कुमार मिश्रा, घोठिया रोड कवर्धा जिला कवर्धा, केवल टेलर्स पिता/पति बलराम निर्मलकर, देवांगन पारा कवर्धा जिला कवर्धा, कौशिल्या चंद्रवंशी पिता/पति दिलीप चंद्रवंशी, आनंद विहार कालोनी कवर्धा जिला कवर्धा, तारा लोनिया पिता/पति आशारान, आज़ाद चौक कवर्धा जिला कवर्धा, अमनलता लोनिया पिता/पति केशलाल लोनिया, मजगाँव रोड सैगोना कवर्धा जिला कवर्धा, नीलकमल मिश्रा पिता/पति भगवत प्रसाद मिश्रा , वार्ड न. 08 पांडातराई जिला कवर्धा, भिखम पटेल पिता/पति स्व. सहनकर पटेल, माहुरबंद पारा कांकेर जिला कांकेर, प्रकाश यादव पिता/पति दयालु राम यादव, सलिहापारा वार्ड न. 7 भानुप्रतापपुर जिला कांकेर, सुमिता पिता/पति मंगेश, जी 28 सिविल लाइन कांकेर जिला कांकेर, आर.बी. खुडश्याम पिता/पति स्व. खुकलाल, कोरर जिला कांकेर, अफजल ज्वेलरी, पुलिस लाइन राजापारा कांकेर जिला कांकेर, राजेंद्र कुमार ध्रुव पिता/पति स्व. अमरसिंह ध्रुव, शांति नगर वार्ड कांकेर जिला कांकेर, ज्वाला सिंह ठाकुर पिता/पति स्व.राजेंद्र सिंह ठाकुर, शिवनगर गणेश मंदिर कांकेर जिला कांकेर, महेश कुमार सिन्हा पिता/पति स्व. बिकुराम सिन्हा, सिदेसर जिला कांकेर, शत्रुघन लाल देवांगन पिता/पति स्व. ब्रिजलाल, शिव टेलर्स सलीहा पारा वार्ड 7 भानुप्रतापपुर जिला कांकेर, सावित्री वट्टी पिता/पति सुरेश कुमार वट्टी, श्रीगुहन उमरादाहा जिला कांकेर, प्रेमशंकर साहू पिता/पति कार्तिक राम साहू, आर.ई.एस. कॉलोनी ठेल्का बोड़ जिला कांकेर, फुलो कुलदीप पिता/पति स्व. प्रेमलाल कुलदीप, केवटिनटोला जिला कांकेर, शेख अदनान पिता/पति शेख वाहिद उल्ला, शीतला पारा कांकेर जिला कांकेर, जी.एन. सलाम पिता/पति रामलाल सलाम, शिव नगर कांकेर जिला कांकेर, लखमीचंद लालवानी पिता/पति श्रीचंद लालवानी, माझापारा वार्ड न. 12 कांकेर जिला कांकेर, सरिता मरकाम पिता/पति दुर्जन मरकाम, वनसागर कांकेर जिला कांकेर, गौकरण लाल सोनी पिता/पति हिमांचल लाल सोनी, साजा जिला बेमेतरा, प्रकाशचंद वर्मा पिता/पति दल्लू सिंह वर्मा, साजा जिला बेमेतरा।

सांत्वना पुरस्कार की शेष सूची अगले अंक में देखें

## गंगानगर में 10 करोड़ रुपए मूल्य की दो किलोग्राम हेरोइन बरामद

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संयुक्त कार्रवाई में गंगानगर जिले में दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस मामले में एक नाबालिग सहित तीन लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह मादक पदार्थ ड्रोन के जरिए सीमा पार पाकिस्तानी तस्करों से मंगवाई गई थी। गंगानगर के जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि जिले के करणपुर के पास संगराना मोड़ नहर पुल पर नाकाबंदी कर जब संगराना की तरफ से आई एक कार की तलाशी ली गई तब उसमें दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की गयी । उन्होंने बताया कि कार में सवार मंजीत सिंह (20), निर्मल सिंह (36) तथा एक नाबालिग किशोर को पकड़ लिया गया। यादव ने बताया कि पकड़े गए लोगों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है एवं नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। उनके अनुसार तीनों ने माना कि उन्होंने ही भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन के माध्यम से पाक तस्करों से हेरोइन मंगवायी । उन्होंने कहा कि मामले की जांच केसरीसिंहपुर पुलिस कर रही है।



## जैकेट के शेष

### छग की पांच सीटों ....

जिले में अपने गृहग्राम कुरुदडीह में वोट किया। तीसरे और अंतिम चरण के चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ में जिन सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर चांपा, सरगुजा और रायगढ़ सीट शामिल है। राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि लगभग सभी सीटों पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच हुआ है। हालांकि जांजगीर चांपा एससी सीट पर बसपा और कोरबा सामान्य सीट पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी गोंगपा के प्रत्याशियों ने मुकाबले की बात कही है।

**रायपुर में सुबह 7 से 10 तेज मतदान** : राजधानी रायपुर के शहरी क्षेत्र के मतदान केंद्रों में देखा गया कि सुबह 7 बजे से मतदाता वोट डालने के लिए केंद्रों में पंहुचना शुरु हो गए थे। कई केंद्रों के मतदान कर्मियों ने बताया क सुबह 7 से लेकर 10 बजे के बीच मतदान तेजी से हुआ है। दरअसल रायपुर में इस समय भीषण गर्मी का माहौल है। लोग दोपहर की गर्मी से बचने के लिए सुबह ही मतदान करने निकले थे। लेकिन पूर्वान्ह 11 बजे से धूप बढ़ने के बाद दोपहर 3 बजे तक मतदान की रफ्तार सुबह के मुकाबले कम रही। लेकिन दोपहर बाद से शाम होने तक एक बार फिर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बूथों पर आने लगे थे। शाम 6 बजे तक मतदान का समय था, लेकिन इस समय के पहले मतदान केंद्र परिसर में आने वालों को शाम 6 बजे के बाद भी मतदान का अवसर दिया गया।

**रायगढ़ में सबसे अधिक मतदान** : राज्य में जिन सात सीटों पर मतदान हुआ है उनमें सबसे अधिक मतदान रायगढ़ सीट के लिए हुआ है। शाम पांच बजे तक की स्थिति में यहां 75.84 प्रतिशत वोटिंग हुई है। यह सीट एसटी के लिए आरक्षित है। खास बात ये है कि इस सीट पर 2019 के चुनाव में भी सबसे अधिक 77.78 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार माना जा रहा है कि रायगढ़ सीट पर मतदान का नया रिकार्ड बनने जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि 2019 में विष्णुदेव साय (भाजपा) ने यह सीट जीती थी। बाद में वे 2023 का विधानसभा चुनाव लड़े और जीते। इसके बाद वे राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं।

**रायपुर में मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ा?** : राजधानी रायपुर के लोकसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए काफी अपीलें की गई थीं। यहां प्रशासन एवं निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारियों ने भी मतदाताओं को प्रोत्साहित कर वोट डालने का आग्रह किया था, लेकिन ऐसा लगता है कि रायपुर लोकसभा के मतदाताओं पर इस अभियान का असर कम ही रहा। शाम पांच बजे तक की स्थिति में यहां 61.25 प्रतिशत वोटिंग हुई है। 2019 के चुनाव में रायपुर लोकसभा में कुल 66 प्रतिशत मतदान हुआ था। जानकारों का कहना है कि शाम 6 बजे के आंकड़े बढ़ने की संभावना है, लेकिन ये अनुमान भी लगाया जा रहा है पिछली बार जितना ही मतदान हो सकता है। हालांकि जब निर्वाचन आयोग पूरे आंकड़े जारी करेगा, तभी साफ होगा कि यहां कितने प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान करने आए बुजुर्ग की मौतजशपुर : जशपुर जिला अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 303 जामटोली में एक बुजुर्ग की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है,बताया जा रहा बुजुर्ग मतदान देने मौके पर पहुंच गया था इस दौरान अचानक तबियत बिगड़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ज्ञात हो कि जशपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 303 में जरतियूस टोप्पो नामक बुजुर्ग अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल में सवार हो मतदान केंद्र पहुंचा था,यहां भीड़ ज्यादा होने के कारण बुजुर्ग कतार में खड़ा हो अपनी बारी का प्रतीक्षा कर रहा था,तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और चक्कर आने से अचेत हो जमीन पर गिर पड़ा,यहां चुनाव में लगे ड्यूटी में तैनात जवानों और प्रशासनिक अमला के द्वारा बुजुर्ग पर पानी छींटा गया लेकिन तब तक बुजुर्ग की स्थिति काफी नाजुक हो जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।मतदान कर्मियो के द्वारा मृत बुजुर्ग को अन्यत्र कमरे में लिटाया गया है,वहीं स्वास्थ्य अमला एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंच आगे की कार्यवाही में जुटा है।

### वोट के लिए बोट ....

के बीच पढ़ने वाले घुनघुट्टा बांध के डुबान क्षेत्र में पुल निर्माण की मांग कर रहे थे। चुनाव बहिष्कार की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को आश्वासन देकर मतदान के लिए राजी किया गया। गांव से पोलिंग बूथ के बीच घुनघुट्टा बांध का डुबान क्षेत्र पढता है ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई थी। गांव के सचिव द्वारा चार पहिया वाहन से मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाया जा रहा था लेकिन इसके लिए ग्रामीणों को 20 से 25 किमी का सफर करना पड़ा लेकिन कुछ ग्रामीण जिला प्रशासन की व्यवस्था से अलग जर्जर बोट के सहारे वोट देने के लिए पहुंचे थे। मतदान बहिष्कार के बाद गांव में वोटिंग को लेकर प्रशासन ने पूरी ताकत लगा दी और जिपं सीईओ, जनपद सीईओ स्वयं मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने आज प्रशासन के आश्वासन पर मतदान तो किया लेकिन उनमें राजनैतिक दलों को लेकर नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना था कि वे लगातार 25-30 वर्षों से पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं लेकिन हर बार चुनाव में उन्हें झूठा आश्वासन मिलता है। चुनाव में जनप्रतिनिधि व अधिकारी उनके पास आते हैं लेकिन पांच वर्षों तक उन्हें भुला दिया जाता है। गांव की सुखमनिया, फुलेश्वरी, रामबाई ने बताया कि आज उन्होंने फिर से मतदान किया है लेकिन उनके हालात में सुधार नहीं होगा। उन्होंने बताया कि जब वे शादी के बाद इस गांव में आई थी तो वह डुबान क्षेत्र में नहीं आया था। बांध बनने के बाद उनकी जमीन चली गई और अब उन्हें राशन, बच्चों की शिक्षा के लिए बांध को पार करना पड़ता है। जब गांव में किसी की तबियत खराब हो जाती है तो उसे अस्पताल तक पहुंचाना एक चुनौती होती है वहीं ग्रामीणों की मौत के बाद अंतिम क्रिया के लिए भी उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पूरे मामले में अधिकारियों का कहना है कि अपने स्तर पर तो सुविधाओं का विस्तार कर सकते हैं लेकिन पुल निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। इसके पूर्व भी प्रस्ताव बनाकर भेजे गए लेकिन अब तक पुल निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली। ऐसे में अब देखना यह है कि आने वाले पांच वर्षों में इस बांध पर दोनों गांवों को जोड़ने के लिए पुल व सड़क बन पाती है या नहीं।

### बेमेतरा के चार गांवों में .....

घंटे के बाद मतदान शुरू करवाया, वहीं ग्राम घठोली में मतदान प्रारंभ नहीं हो पाया था। घठोली के लोगों ने बताया कि उन्होंने काफी समय पहले ही पानी की समस्या को दूर करने की मांग के साथ ही मतदान के बहिष्कार की चेतावनी दी थी, लेकिन किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए लोगों ने मतदान केंद्र में ताला जड़ दिया। हालांकि पुलिस ने बाद में ताला तोड़ा, लेकिन वोट डालने कोई ग्रामीण नहीं पहुंचा।

### ये हैं भाजपा ...

कोरबा सरोज पांडेय (भाजपा) ज्योत्सना महंत (कांग्रेस) सरगुजा चिंतामणी महाराज (भाजपा) शशि सिंह (कांग्रेस) जाजंगीर चांपा कमलेश जांगड़े (भाजपा) डॉ. शिवकुमार डहरिया (कांग्रेस) रायगढ़ म राधेश्याम राठिया (भाजपा) मेनका देवी सिंह (कांग्रेस)।

## पेज एक के शेष

### प्रदेश में चुनाव खत्म...

एक माह तक अभी चुनावी दौर चलेगा। राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के अलग-अलग नेताओं को अलग-अलग राज्यों की जिम्मेदारी देना प्रारंभ कर दिया है। सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभाएं अन्य राज्यों में होंगी।

### साय की ओडिशा में...

लगातार दूसरे राज्यों में भेजने की रणनीति बनाई है। बुधवार और गुरुवार को दो दिनों तक उनकी ओडिशा में सभाएं होंगी। श्री साय रायपुर से बुधवार को हेलीकॉप्टर से 11.00 बजे ओडिशा के लिए उड़ेंगे। वहां पर कोरापुट में 12.30 से 1.30 बजे तक और इसके बाद उमरकोट में 2.35 से 3.35 बजे तक सभा लेंगे। इसके बाद शाम को वापस रायपुर लौट आएंगे। दूसरे दिन फिर रायपुर से ओडिशा जाएंगे और वहां पर सभाएं लेकर रायपुर वापस आएंगे। दूसरे दिन तीन सभाएं होंगी।

### किरण देव भी...

भी होंगी। श्री देव 12 मई को वहां से लौटेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर और किसी राज्य में जाएंगे।

### पवन साय को झारखंड...

श्री जामवाल मध्यप्रदेश के बाद पंजाब भी जाएंगे। प्रदेश के अन्य नेताओं के भी कार्यक्रम बन रहे हैं, जैसे-जैसे राष्ट्रीय संगठन ने निर्देश मिलेंगे, वैसे-वैसे प्रदेश के नेता दूसरे राज्यों के लिए रवाना होंगे।

### केजरीवाल...

उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों व गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश ने राज्य सरकार की ओर से पेश वकीलों से कहा, "सरकारी नौकरियां बहुत कम हैं। अगर जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ भी नहीं बचेगा। यह व्यवस्थागत धोखाधड़ी है। सरकारी नौकरियां आज बहुत कम हैं और उन्हें सामाजिक विकास के रूप में देखा जाता है। अगर नियुक्तियों पर भी सवाल उठने लगें, तो व्यवस्था में क्या बचेगा? लोगों का विश्वास खत्म हो जाएगा, आप इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं? पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के पास यह दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है कि उसके अधिकारियों ने डेटा संभाल कर रखा। पीठ ने डेटा की उपलब्धता के बारे में भी पूछा। पीठ ने राज्य सरकार के वकीलों से कहा, या तो आपके पास डेटा है या नहीं है। डिजिटल रूप में दस्तावेज संभाल कर रखना आपकी जिम्मेदारी थी। अब यह जाहिर हो चुका है कि डेटा नहीं है। आपको यह बात पता ही नहीं है कि आपके सेवा प्रदाता ने किसी अन्य एजेंसी की सेवा ली है। आपको उसके ऊपर निगरानी रखनी चाहिए थी। इससे पहले, राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि अदालत ने मनमाने तरीके से नियुक्तियां रद्द कर दीं।

### असम में सबसे ज्यादा तो...

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 8.39 करोड़ महिलाओं सहित कम से कम 17.24 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र थे और 18.5 लाख अधिकारियों द्वारा संचालित 1.85 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए गए। पहले और दूसरे चरण में कुल मतदान प्रतिशत क्रमशः 66.14 प्रतिशत और 66.71 प्रतिशत दर्ज किया गया था। गुजरात में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया। प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अहमदाबाद के एक मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस चरण में कद्दावर नेताओं में केंद्रीय मंत्री शाह (गांधीनगर), ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), पुरुषोत्तम रूपाला (राजकोट), प्रह्लाद जोशी (धारवाड़) और एसपी सिंह बघेल (आगरा) शामिल हैं।

### पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता राधिका...

सामना कर रही हैं। खेड़ा और सुमन दोनों ने यहां पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। बॉलीवुड की कई फिल्मों में भी काम कर चुके लोकप्रिय टीवी कलाकार सुमन ने करीब 15 साल के अंतराल के बाद राजनीति में वापसी की है। उन्होंने 2009 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर बिहार में पटनासाहिब सीट से लड़ा था लेकिन इसमें वह तीसरे स्थान पर रहे थे। इस चुनाव में शत्रुघ्न सिन्हा की जीत हुई थे। उस समय वह भाजपा के साथ थे। सुमन ने मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत ने पिछले दशक में महत्वपूर्ण विकास देखा है, इसका ओहदा और भाग्य सकारात्मक परिवर्तनों के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, इस धारा और ऊर्जा का हिस्सा बनना हर हिंदुस्तानी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे यह अवसर मिला। उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने का अवसर देने और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के लिए मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं का आभार जताया।

### खेड़ा का आरोप...

यहां पहुंच सकीं। अगर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार से मुझे सुरक्षा नहीं मिली होती तो मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती। उन्होंने कहा, मुझे कांग्रेस में हिंदू, सनातनी लड़की और भगवान राम का भक्त होने की सजा दी गई। यह अब महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं रही।

---

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर की टिप्पणी, पश्चिम बंगाल में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

# केजरीवाल आदतन अपराधी नहीं, वे दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री, यह असाधारण स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दो बड़े मामलों पर सुनवाई की। पश्चिम बंगाल में 25,753 शिक्षकों, अन्य की नियुक्ति को अमान्य ठहराने वाले हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। वहीं, दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को तत्काल राहत नहीं मिली। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के मौजूदा मुख्यमंत्री हैं और उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने की जरूरत है। यह एक असाधारण स्थिति है। ऐसा नहीं है कि वह आदतन अपराधी हैं। चुनाव पांच साल में एक बार होता है। इधर एक अन्य मामले में शीर्ष न्यायालय ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि, सीबीआई को अपनी जांच जारी रखने और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की भी जांच करने की अनुमति दी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने सीबीआई से कहा कि वह जांच के दौरान किसी संदिग्ध को गिरफ्तार करने जैसी कोई जल्दबाजी भरी कार्रवाई न करे।



### आज या कल होगी सुनवाई

अदालत ने अंतरिम जमानत देने के मुद्दे पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान पीठ ने संकेत दिया कि कल न्यायाधीश अलग-अलग संयोजनों में बैठेंगे और यदि बुधवार के लिए सूचीबद्ध मामलों पर सुनवाई पूरी हो जाती है और न्यायाधीशों के पास समय होता है, तो वे ईडी द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई फिर से शुरू करेंगे। न्यायमूर्ति खन्ना ने अंतरिम जमानत के मुद्दे पर फैसला सुनाने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित किए बिना कहा, अगर कल नहीं, तो हम इस मामले पर गुरुवार को सुनवाई कर सकते हैं।

### इधर, केजरीवाल के अंतरिम जमानत पर फैसला नहीं

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। दो न्यायाधीशों की पीठ ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उन्हें अंतरिम जमानत देने पर कोई आदेश नहीं सुनाया। केजरीवाल पर कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक मामले में धन शोधन का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान अंतरिम जमानत देने पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने यह भी कहा था कि वह अपराह्न दो बजे फैसला सुनाएगी, लेकिन फैसला नहीं सुनाया गया। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।



### 'द न्यूयॉर्क टाइम्स', 'द वाशिंगटन पोस्ट' और 'एपी' को मिला पुलित्जर पुरस्कार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के दैनिक समाचारपत्र 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'द वाशिंगटन पोस्ट' को वर्ष 2023 में गाजा में युद्ध से लेकर बंदूक हिंसा जैसी घटनाओं पर उल्लेखनीय कार्य के लिए सोमवार को तीन श्रेणियों में प्रतिष्ठित पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया गया। इसके अलावा समाचार एजेंसी 'द एसोसिएटेड प्रेस' ने अमेरिका में वैश्विक स्तर पर प्रवासियों के आवागमन की कवरेज के लिए फीचर फोटोग्राफी श्रेणी में पुलित्जर पुरस्कार जीता है। हमास की ओर से पिछले साल सात अक्टूबर में इजराइल पर किए गए।

सोनिया गांधी ने वीडियो संदेश में कहा

# 'राजनीतिक लाभ के लिए पीएम मोदी ने दिया नफरत को बढ़ावा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा पर निशाना साधते हुए सोनिया गांधी ने नागरिकों से उज्जवल भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी के पीछे एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आज देश के हर कोने में युवा बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं, महिलाएं अत्याचार का सामना कर रही हैं, दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों को भयानक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। गांधी ने कहा, यह माहौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के इरादों के कारण है। देश में कथित तौर पर संकटपूर्ण माहौल बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को नागरिकों से उज्जवल भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी के पीछे एकजुट होने का आग्रह किया।



### संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित

गांधी ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने "हमेशा सभी की प्रगति, वंचितों को न्याय और देश को मजबूत करने के लिए लड़ाई लड़ी है।" उन्होंने पार्टी के घोषणापत्र 'न्याय पत्र' पर प्रकाश डालते हुए मतदाताओं से एक बार फिर अपना समर्थन देने का आग्रह किया, जिसमें गरीबों के उत्थान, युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने, किसानों और मजदूरों का समर्थन करने और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को मजबूत करने का वादा किया गया है।

## गुमला में गरजे राहुल गांधी, भाजपा को बताया आदिवासी विरोधी




### 'बीजेपी ने रेलवे का निजीकरण करने की रची है साजिश'

**गुमला।** राहुल गांधी ने गुमला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी के नेता संविधान खत्म करने की बात कर रहे हैं। राहुल ने आदिवासियों की बात करते हुए कहा कि जल, जंगल, जमीन के मालिक आप हैं। आदिवासियों के बच्चे सभी विभागों में स्थान मिले ये कांग्रेस का लक्ष्य. बीजेपी पूंजिपतियों को जल, जंगल, जमीन सौंप देना चाहती है। कांग्रेस आदिवासियों के हित की रक्षा करना चाहती है। बीजेपी ने रेलवे के निजीकरण करने की साजिश रची। बीजेपी की सरकार के ऊपर पूजीपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी ने 22 लोगों के 16 लाख करोड़ रुपया दे दिया।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

चुनाव आयोग से बीजेपी को झटका

# एक्स को आपत्तिजनक विज्ञापन हटाने का आदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग से भारतीय जनता पार्टी को मंगलवार को बड़ा झटका लगा। ईसी ने अपने फैसले में बीजेपी का विवादित विज्ञापन हटाने के लिए कहा है। आयोग ने माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट एक्स को निर्देश दिया कि कर्नाटक भाजपा की ओर से पोस्ट आपत्तिजनक विज्ञापन को हटाया जाए। कर्नाटक में विपक्षी दल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेश के बाद भी इसे नहीं हटाया था। आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर पहले ही FIR दर्ज की जा चुकी है। कांग्रेस की ओर से यह मामला जोरशोर से उठाया जा रहा था। कांग्रेस ने कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत की थी।



### नड्डा-मालवीय के खिलाफ दर्ज हुआ था मामला

बेंगलुरु पुलिस ने इस मामले में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, बीजेपी आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय और प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अगर लोकसभा चुनावों की बात करें तो कर्नाटक की 14 सीटों के लिए दूसरे और आखिरी चरण में आज मतदान हुआ। यह राज्य अपने यहां से 28 सांसदों को संसद भेजता है। बाकी 14 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। मतगणना 4 जून को होनी है। 2019 के आम चुनाव की बात करें तो भाजपा ने 28 में से 25 सीटें जीती थीं।


# अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया ने फिलीपींस संग मिलकर बनाया नया 'क्वाड'

**मनीला।** अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान मिलकर फिलीपींस के साथ नया क्वाड बनाते दिख रहे हैं। बीते हफ्तों में सामने आया कि अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने फिलीपींस के साथ मजबूती से बढ़ते हुए इंडो-पैसिफिक के तहत अपनी सेनाओं को एक साथ लाकर चीन के विरुद्ध क्वाड 2.0 जैसी रूपरेखा बना दी है। ये खासतौर से दक्षिण चीन सागर को ध्यान में रखते हुए किया गया है। भारत की इस बात पर निगाह है कि उसके क्वाड साझेदार एक नया गुट तैयार कर रहे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में यात्रा के दौरान चीन को मुख्य चुनौती बताते हुए एशिया में बाइडन प्रशासन की सैन्य योजनाओं को जाहिर किया था। ऑस्टिन ने इस समूह की पहली बैठक के लिए जापान, ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस के नेताओं से भी मुलाकात की।

# फिर से रूस के राष्ट्रपति बने पुतिन, पांचवीं बार ली शपथ

एजेंसी ▶▶| मास्को


आम चुनावों में जीत के बाद एक बार फिर व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। सोमवार को क्रैमलिन में उन्होंने राष्ट्रपति पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद समारोह को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि रूस का नेतृत्व करना एक पवित्र कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस कठिन अवधि के बाद रूस एक बार फिर मजबूती के साथ उभरेगा। समारोह के दौरान, पुतिन ने कहा कि रूस अन्य देशों के साथ संबंध विकसित करने के लिए तैयार है। रूस को हर खतरे और चुनौती को मुहंतोड़ जबाव देने के लिए तैयार होना होगा।



### हासिल किए 87.8% वोट

पुतिन ने पांचवी बार रूस के राष्ट्रपति के रूप में सत्ता संभाल ली है। देश में जनमत संग्रह के जरिए तीन दिन तक मतदान की प्रक्रिया चली थी। मतदान सर्वेक्षक संस्था पब्लिक ओपिनियन फाउंडेशन (एफओएम) के एग्जिट पोल के मुताबिक, पुतिन ने 87.8% वोट हासिल किए। यह रूस के सोवियत इतिहास के बाद का सबसे बड़ा परिणाम है। रशियन पब्लिक ओपिनियन रिसर्च सेंटर (वीसीआईओएम) ने पुतिन को 87% पर रखा है।

## शब्द पहेली - 5504



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

### शब्द पहेली -5503 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बं | दा | न | वा | ज | | आ | स | मा | न |
| न | दी | | र | | ल | बा | दा | | र | जा |
| व | | ज | म | ज | म | | ब | री | | क |
| जी | म | ना | | | ह | ठ | | ता | क | त |
| ब | | चा | | जे | ल | | पे | | ता | |
| न | ग | र | से | ठ | | फ | ट | का | र | ना |
| | री | | ना | | स | ना | | रो | | म |
| सु | ब | ह | | दा | म | | | बा | री | क |
| र | | क | श | | झ | न | का | र | | र |
| ता | प | | प | र | दा | | म | | क | ण |
| ल | थ | प | थ | | र | च | ना | का | र | |

## सूडोकु नवताल- 5515

★ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5514 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE



# हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री ...

**नई दिल्ली।** हाउसफुल सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक है। जब से इसकी पांचवीं किस्त की घोषणा हुई है, दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी लवर्स के लिए एक और अच्छी खबर है। फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे मुख्य भूमिका में हैं। अब अभिषेक बच्चन अपनी शानदार कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ रहे हैं। ऐसे में लोग फिल्म से और भी अधिक हंसी और मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी शूटिंग अगस्त 2024 में यूके में शुरू होगी।

## लाइफ Style

# सुष्मिता
## दुल्हन बन रैंप पर छाईं


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

बॉम्बे फैशन वीक में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डिजाइनर रोहित वर्मा की कलेक्शन को रैंप पर उतारा। गोल्डन कलर के लहंगे में रनवे पर चलते हुए सुष्मिता बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को कलीरों और फूलों से कंप्लीट किया, साथ ही उन्होंने बड़े करीने से बंधे जूड़े को भी सजा रखा था। डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

एक्ट्रेस ने कहा, 'आज के समय में दुनिया में समावेशी होना की बहुत जरूरत है। इसलिए मैं सौभाग्यशाली महसूस करती हूं कि उन्होंने न केवल मुझे तैयार किया, बल्कि मेरी आत्मा को भी तैयार किया और मुझे एकता, सद्भाव और अच्छाई का जश्न मनाने का मौका दिया।'

वहीं, रोहित वर्मा ने शेयर किया कि उनका पूरा कलेक्शन प्यार का जश्न मनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्ट्रेस के रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



## हॉलीवुड मसाला



# कान्स महोत्सव में हड़ताल का साया

**लॉस एंजिलिस।** 'कान्स फिल्म महोत्सव' फिल्मों के प्रीमियर और स्टार्स के लुक्स के अलावा अपने विवादों की वजह से सुर्खियां बटोरता आया है। इस साल भी समारोह के शुरू होने से पहले ही खबर आ रही है कि 'कान्स फिल्म महोत्सव' के कर्मचारी समारोह के दौरान हड़ताल कर सकते हैं।' यह विरोध वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर किया जाने वाला है। 'कान्स फिल्म महोत्सव 2024' में 200 से अधिक फ्रांसीसी कर्मचारी हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म महोत्सव के कार्यकर्ता और कान श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।



# एडम ड्राइवर के किरदार से उठा पर्दा

**लॉस एंजिलिस।** महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है।



# सुपरस्टार से शादी करके कॅरियर हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** किसी एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म सुपर-डुपर हिट हो जाए तो वो भूलकर भी शादी नहीं करती और अगर शादी हो जाए तो ये गलती कभी नहीं करतीं कि वो प्रेग्नेंट हो जाए। लेकिन डिंपल कपाड़िया ने करियर की पीक पर पहुंच कर मां बनने का जोखिम उठाया। सुपर स्टार राजेश खन्ना से शादी भी रचा डाली, लेकिन फिर जल्दी ही तलाक भी हो गया। इसने प्रेग्नेंट होने का फैसला तब किया जब ये पहली ही फिल्म बॉबी के बाद एक बड़ी स्टार बन गई थीं और उनके घर के बाहर निर्माता निर्देशकों की कतार लग रही थी। बॉबी फिल्म के रिलीज होने के पहले ही डिंपल राजेश खन्ना के प्यार में पड़ीं और शादी भी कर ली। इतना ही नहीं, शादी होते ही डिंपल कपाड़िया ने फिल्मी दुनिया भी छोड़ दी।



# करण से कॉमेडियन ने मांगी माफी...

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक टीवी शो के प्रोमो पर निराशा व्यक्त करते हुए रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया। करण ने कहा कि उन्होंने एक कॉमेडियन को अभद्र तरीके से उनकी नकल करते हुए देखा, लेकिन उन्होंने शो, कॉमेडियन या चैनल का नाम नहीं लिया। हालांकि, करणका पोस्ट देखने के बाद तमाम लोगों को संदेह था कि करण केतन सिंह स्टारर फिल्म 'मैडनेस मचाएंगे' के प्रोमो के बारे में बात कर रहे थे। लिहाजा करण की आलोचना पर अब कॉमेडियन ने जवाब दिया है और विनम्रतापूर्वक माफी भी मांगी है। केतन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका इरादा कभी भी करण को ठेस पहुंचाना नहीं था, 'मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा।' मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। मैं उनके काम का फैन हूं।

## टीवी मसाला

# बाल हनुमान' बोले- अब मैं भी शरारती

**नई दिल्ली।** बाल कलाकार दर्श अग्रवाल शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में बाल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें बाल रूप हनुमान की शरारतें हमेशा आकर्षित करती हैं। बाल हनुमान के रूप में दर्श अग्रवाल की एंट्री के साथ, यह शो शनिदेव और हनुमान के बीच आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एक नए आयाम की खोज करने के लिए तैयार है। दर्श अग्रवाल ने बातचीत में कहा, 'मेरे दादा-दादी मुझे हमेशा बाल हनुमान, श्री कृष्ण और बाल गणेश की कहानियां सुनाते थे। भगवान हनुमान के बाल रूप की शरारतें मुझे हमेशा आकर्षित करती थीं और अब मैं भी शरारती हो गया हूं। मैं अपने दोस्तों और परिवार को मुझे यह किरदार निभाते हुए देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।' शो की कहानी शनिदेव पर आधारित है, जिसे भगवान हनुमान नारद मुनी को सुनाते हैं और बताते हैं कि कैसे शनिदेव को 'कर्माधिकारी'कहा जाता है।



# ओटीटी पर इस हफ्ते लगेगा क्राइम-मिस्ट्री का तड़का

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इस हफ्ते क्राइम-मिस्ट्री का तड़का लगेगा। कई लोग सिनेमाघरों में बैठकर फिल्मों का मजा नहीं ले पाते हैं। वे घर बैठे ही रोमांचक शो और फिल्में देखना पसंद करते हैं। दर्शकों के लिए मई का दूसरा हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

**आवेशम :** 'आवेशम' 2024 की मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन जीतू माधवन ने किया है। यह नाजरिया नाजिम और अनवर रशीद द्वारा निर्मित है। 'आवेशम' तीन किशोरों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेंगलुरु आते हैं और झगड़े के बाद एक स्थानीय गैंगस्टर से दोस्ती करते हैं। इसमें फहद फासिल, मिथुन जय शंकर और रोशन शनावास मुख्य भूमिकाओं में हैं और अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत सुशीन श्याम का है, जबकि समीर ताहिर ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और विवेक हर्षन ने संपादन किया है। 'आवेशम' 9 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेगा।






**रत्नम :** 'रत्नम' हरि द्वारा निर्देशित 2024 की तमिल एक्शन फिल्म है, जो स्टोन बेंच फिल्म्स, जी स्टूडियोज और इनवेनियो ओरिजिन द्वारा निर्मित है। इसमें विशाल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ प्रिया भवानी शंकर, रामचंद्र राजू और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 'थमीराभरानी' और 'पूजाई' के बाद विशाल और निर्देशक हरि के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है। रत्नम कथित तौर पर इस सप्ताह अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार है।

**8 एएम मेट्रो :** '8 एएम मेट्रो' एक पुरुष और एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे प्लेटफॉर्म पर मिलने के बाद दोस्त बन जाते हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और सैयामी खेर मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 10 मई को जी5 पर रिलीज होगी।



**आडुजीविथम - द गोट लाइफ :** 'आडुजीविथम - द गोट लाइफ' 2024 का मलयालम सर्वाइवल ड्रामा है, जो ब्लेसी द्वारा निर्देशित और सह-निर्मित है। यह बेन्यामिन के 2008 के उपन्यास 'आडुजीविथम' पर आधारित है, जो सऊदी अरब में चरवाहे के रूप में गुलाम बनाए गए एक मलयाली श्रमिक नजीब की सच्ची कहानी से प्रेरित है। यह फिल्म भारत-अमेरिका सहयोग से बनाई गई है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन, जिमी जीन-लुई और केआर गोकुल हैं, जबकि तालिब अल बलुशी, रिक एबी, अमला पॉल और शोभा मोहन की सहायक भूमिकाएं हैं। यह उपन्यास के प्रतिबंध के समान संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खलीजी देशों में प्रतिबंधित है। 10 मई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 'आडुजीविथम' स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।




# 'बिग बॉस 13' फेम आसिम को फिर हुआ प्यार

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने पिछले साल अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। कपल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि अलग-अलग धर्म से ताल्लुक रखने के चलते कपल ने अपनी राहें अलग कर ली। हिमांशी खुराना से ब्रेकअप को 5 महीने ही हुए थे कि अब आसिम रियाज के सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि शायद उनकी जिंदगी में प्यार ने दोबारा दस्तक दे दी है। हाल ही में 'बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट आसिम रियाज ने अपने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री गर्ल संग एक फोटो साझा की है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्टर लिखते हैं, 'जिंदगी चलती रहती है। एक्टर की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक फैंन लिखते हैं, 'जो भी हो बस दोनों एक-दूसरे के लिए बेस्ट हो और इस बार बस दोनों की शादी की खबर आएं।




## विक्रांत मैसी ने दिखाई बेटे वरदान की झलक

**नई दिल्ली।** '12वीं फेल'की सफलता के बाद एक्टर विक्रांत मैसी को इंडस्ट्री में एक नया मुकाम हासिल हुआ है। इन दिनों ये एक्टर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में काफी खुश हैं। जहां वर्क फ्रंट पर वह नई ऊंचाइयां छू रहे हैं, वहीं निजी जिंदगी में एक्टर कुछ समय पहले ही पिता बने हैं। इन दिनों विक्रांत मैसी अपने बेटे संग काफी अच्छा समय बिता रहे हैं। हाल ही में एक्टर की पत्नी शीतल ठाकुर ने बेटे वरदान संग विक्रांत मैसी की दिल छू लेने वाली तस्वीरें साझा की हैं।

# फिर शुरू होगा 'देख भाई देख'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शेखर सुमन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने फरीदा जलाल से मुलाकात की और उनकी सेहत के बारे में पूछा। साथ ही शेखर ने कहा कि वो जब भी वह 'देख भाई देख' के किसी अभिनेता से मिलते हैं, तो वो पुरानी यादों में खो जाते हैं। उन्हें याद आता है कि वो कैसे वो एक परिवार बन गया था। शेखर सुमन ने आगे कहा, 'उन्होंने प्रीमियर में फरीदा जलाल से बात की और उन्हें बताया कि अभी फाइनल नहीं है, लेकिन शायद 'देख भाई देख' का दूसरा पार्ट जल्द ही फिर से आएगा।' उन्होंने फरीदा जलाल से कहा कि इस शो में वो जरूर रहेंगी। खास बात ये है कि शो में काम करने के लिए फरीदा जलाल ने हां भी कर दिया है। शेखर ने बताया कि वो पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये शो जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा कि एक प्रोडक्शन हाउस से बातचीत चल रही है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो लोगों को जल्द ही शो देखने को मिलेगा। 'देख भाई देख' का एक वक्त हर कोई फैन था। ये शो 1993 में डीडी मेट्रो पर प्रसारित हुआ और हर किसी का दिल जीत लिया था।



**ईश्तहार (आम सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहिदा बानो पति स्व. गय्यूर अहमद उम्र 50 वर्ष निवासी विवेकानंद कालोनी, गली नं. 3, पी.डी. विहार कालोनी, धमतरी (छ.ग.) के नाम पर भू-स्वामी हक में ग्राम चर्रा प.ह.नं. 50, राजस्व निरीक्षक कुरूद, तहसील कुरूद, जिला धमतरी में खसरा नंबर 31/2 रकबा 0.1750 हे. कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है, जो कि चर्रा बाईपास रोड से लगी हुई है, जिसे क्रेता हेमन्त कुमार चंद्राकर पिता श्रीमान अश्वनी कुमार चंद्राकर निवासी प्रियंका कालोनी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा खरीदी करने का सौदा किया गया है। अतः उपरोक्त खसरा नंबर में जिस किसी व्यक्ति, सरकारी व गैर सरकारी संस्था व आमजनता को किसी भी प्रकार से आपत्ति हो तो वह आज दिनांक 07/05/2024 से 15 दिवस के अंदर स्वयं व वकील के माध्यम से आपत्ति दर्ज कर हमे संपर्क करें। उपरोक्त समय के बाद आपकी आपत्ति को मान्य नहीं किया जावेगा।

भवदीय
गुणवंत सोलंके (अधिवक्ता)
कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
संपर्क सूत्र
दीपक कुमार चंद्राकर
मो. : 99934-22475

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**सिग्नलिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा संख्याः 73-एसएनटी-परियोजना-निविदा-2024, दिनांकः 02.05.2024.** **कार्य का नामः** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर डिवीजन में आईपी-एमपीएलएस (इंटरनेट प्रोटोकॉल-मल्टीप्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग) राउटर और संबंधित उपकरणों की डिजाइन, योजना, आपूर्ति, स्थापना, फिक्सिंग, कॉन्फिगरेशन, एकीकरण और कमीशनिंग। **निविदा मूल्यः** ₹ 34,55,18,687.94 (₹ चौंतीस करोड़ पचपन लाख अठारह हजार छः सौ सत्तासी एवं चौरानवे पैसे मात्र)। **बिड सिक्युरिटी (बयाना राशि):** ₹ 18,77,600.00 (₹ अठारह लाख सतहत्तर हजार छः सौ मात्र)। **निविदा बंद होने की तिथिः 14.06.2024 के 12:00 बजे तक।**

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु 'ई' निविदा दस्तावेज, हमारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।

*उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजी.*
*सीपीआर/10/49 (परि.-II),/बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail

**छ.ग. स्टेट पावर डिस्ट्रीबुशन कंपनी लिमिटेड**

क्रमांक/10-22/सामा./2024/628 धमतरी, दिनांक 07.05.2024

**बिजली बन्द की सूचना**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि धमतरी (ग्रामीण) उपसंभाग के अन्तर्गत गोकुलपुर वि.के. निम्नलिखित 33/11 के.व्ही. लाईनों का मानसून पूर्व आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य हेतु नीचे दिए गए तिथियों में समय सुबह 9:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक निम्न क्षेत्रों में बिजली बन्द रहेगी।

| दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 08.05.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. रूद्री फीडर | रूद्री बस्ती, बेंद्रानवागांव, कलेक्टर कॉलोनी, एरीगेशन कॉलोनी, जलविहार, कृष्णा नगर, श्रीनगर एवं लगे हुए अन्य कॉलोनी |
| 09.05.2024 | गुरुवार | 11 के. व्ही. टाउन वन फीडर | नवागांव, श्यामतराई, चिटौद |
| 10.05.2024 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. कोलियारी फीडर | करेठा, कोलियारी, अमेठी, बंजारी, कलारतराई, कानीडबरी, परसुली |
| 13.05.2024 | सोमवार | 11 के.व्ही. भटगांव फीडर | भटगांव, सोरम, बोरिदखुर्द, बेलतरा, खिड़कीटोला, डांगीमाचा |
| 15.05.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. भोयना फीडर | मुड़पार, बरारी, कोटाभर्री, अछोटा |
| 17.05 2024 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. शंकरदाह फीडर | शंकरदाह, डोड़की, हरफतराई |
| 20.05.2024 | सोमवार | 11 के व्ही. अकलाडोंगरी फीडर | अकलाडोंगरी, कोड़ेगांव, मालगांव, पंडरीपानी, भिड़ावर, बारगरी |
| 22.05.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. कोहका फीडर | कोहका, तिर्रा, कोलियारी |
| 24.05.2024 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. चिखली फीडर | चिखली, माटेगहन |

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है, असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. धमतरी

adani Healthcare
**अदाणी हेल्थ वेंचर्स लिमिटेड**

**चेतावनी सूचना: ''अदाणी हेल्थ वेंचर्स लिमिटेड''** (''कंपनी'') के संज्ञान में यह आया है कि कुछ धोखेबाज व्यक्ति या बिचौलिए हमारी कंपनी के कर्मचारी/एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं और वे हमारी कंपनी के नाम से कुछ पोर्टलों, वेबसाइटों पर या ई-मेल, टेक्स्ट मैसेज, सोशल मीडिया मैसेजिंग, टेलिफोन कॉल, पत्र और/या स्थानीय विज्ञापनों के माध्यम से अवैधानिक रूप से साक्षात्कार ले रहे हैं या नौकरी की पेशकश कर रहे हैं या युनिवर्सिटियों से कैंपस प्लेसमेंट का वादा कर रहे हैं और डिस्ट्रीब्यूटरशिप या फ्रेंचाइजी देने की पेशकश कर रहे हैं. कृपया ऐसी धोखाधड़ी वाली गतिविधियों से सावधान रहें, जिन्हें किसी ऐसी मिलते-जुलते नाम वाली कंपनी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो अदाणी समूह का हिस्सा होने का छलावा कर रही है.

हम व्यापक रूप से सर्वसाधारण को सलाह देते हैं कि अदाणी हेल्थ वेंचर्स लिमिटेड/एचवीएल से संबद्ध किसी भी ऑफर, संचार या लेनदेन के संपर्क में आने पर अत्यधिक सावधानी बरतें.

यदि किसी को ऐसी किसी धोखाधड़ी वाली घटना का पता चलता है या कोई इसकी प्रामाणिकता सत्यापित करना चाहता है, या इसके संबंध में कोई जानकारी प्रदान करना चाहता है, तो उसके द्वारा healthcare_projects@adani.com पर अदाणी हेल्थ वेंचर्स लिमिटेड से संपर्क किया जा सकता है.

**अदाणी हेल्थ वेंचर्स लिमिटेड** के लिए
**अधोहस्ताक्षरकर्ता**
**प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

# पति ने दोस्त से कराई पत्नी की हत्या, दोनों आरोपी गिरफ्तार

- तितुरगहन में सड़क किनारे बोरी में मिली महिला की लाश का हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



योजनाबद्ध तरीके से पति ने दोस्त से अपनी पत्नी की हत्या करा दी। पुलिस ने तितुरगहन में सड़क किनारे बोरी में महिला की लाश मिलने के मामले से पर्दा उठाते हुए आरोपी पति व उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम तितुरगहन में रविवार को सड़क किनारे बोरी में एक महिला की लाश मिली थी। इसकी शिनाख्ति गुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम रमतरा निवासी भेश्वरी उर्फ छोटी साहू पति खिलावन के रूप में की गई थी। वह शनिवार को धमतरी जाने के लिए रमतरा से निकली थी। इसके बाद महिला अचानक लापता हो गई थी। सनौद पुलिस ने मामले में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को पता चला कि मृतिका खिलावन की दूसरी पत्नी है। संदेह के आधार पर पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस द्वारा कड़ाई बरतने पर संदेही पति ने अपने बयान में कहा कि वर्ष 2001 में अपनी बुआ की हत्या के मामले में सजा होने पर वह रायपुर सेन्ट्रल जेल में कैद था। इस दौरान मां-बेटी की हत्या के प्रकरण में डीसूराम साहू ग्राम रामपुर थाना भखारा निवासी भी जेल में सजा काट रहा था। इस दौरान दोनों की जान-पहचान हो गई। खिलावन 2009 में जेल से बाहर आया। वहीं डीसूराम उससे एक साल पहले जेल से छूट चुका था। जेल से छूटने के बाद खिलावन साहू खेती-मजदूरी कर रहा था। खिलावन ने शादीशुदा व बच्चे होने के बाद भी 2012 में पड़ोस में रहने वाली भेश्वरी साहू उर्फ छोटी से दूसरी शादी की। भेश्वरी की तरफ से 3 बच्चे हैं। कुछ दिन ठीक चलने के बाद खिलावन साहू व भेश्वरी के बीच लड़ाई-झगड़ा व मारपीट शुरू हो गई। इससे परेशान होकर खिलावन ने जेल में मिले दोस्त डीसूराम साहू को विश्वास में लेकर भेश्वरी की हत्या की योजना बनाई। बीमा की राशि मिलने पर आधा-आधा बांटने का लालच दिया। बालोद एसपी एसआर भगत के निर्देशन व एएसपी अशोक जोशी के मार्गदर्शन तथा डीएसपी राजेश जांगड़े के नेतृत्व में सनौद थाना प्रभारी निरीक्षक दुलार यादव व स्टाफ को हत्याकाण्ड का खुलासा करने में सफलता मिली है।



मृतिका भेश्वरी

### रामपुर के खेत में की गई महिला की हत्या

योजना के अनुसार डीसूराम ने शनिवार को भेश्वरी को फोनकर धमतरी बुलाया। बस स्टैण्ड में महिला को उसने मोपेड में बैठाकर गांव रामपुर के अपने खेत में ले गया। इस दौरान दोनों ने शराब का सेवन किया। महिला को नशा होने पर डीसूराम ने नाक व मुंह दबाकर उसे बेहोश कर दिया। तत्पश्चात महिला के सीने में पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को यूरिया की बोरी में भरकर उसे मोपेड के सामने रख खिलावन के पास रमतरा ले जा रहा था। शव के पहुंचने पर खिलावन उसे ठिकाना लगाता, इससे पहले तितुरगहन के पास सड़क पर बड़ी संख्या में लोगों को देख डीसूराम डर के कारण शव रखी बोरी को सड़क किनारे फेंककर भाग गया। पुलिस ने आरोपी खिलावन साहू व डूीसराम साहू को गिरफ्तार कर लिया है।



रायपुर। प्रदेश में कई दिनों से तेज गर्मी से झुलस रहे लोगों को आंधी बारिश के बाद राहत मिली। प्रदेश के कई शहरों, गांवों में शाम को अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी तूफान और बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। आंधी-बारिश से कई जगह छप्पर उड़े, पेड़ व खंभे गिरने से बिजली आपूर्ति भी ठप रही।

# जमीन पट्टा को लेकर जेठ ने बहू से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बांदे थानांतर्गत पीव्ही 108 शंकर नगर में पट्टा की बात को लेकर बहू और जेठ के मध्य विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर जेठ ने बहू के साथ मारपीट कर गाली गलौज कर जान से मारने कि धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। बांदे थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 108 शंकर नगर बांदे निवासी 25 वर्षीय पिंकी विश्वास पति पंकज विश्वास ने पुलिस को बताया कि लगभग सात माह पहले मेरे ससुर का देहांत हो गया। खेत का पट्टा ससुर के नाम पर है, जब वे जिंदा थे, तब वह हमारे साथ रहते थे। दोनों आरोपी खेत जमीन की पट्टा की मांग करने लगे। 5 मई की रात साढ़े 9 बजे खेत जमीन की पट्टा की बात को लेकर मेरे दोनों जेठ दीपक विश्वास और सत्यजीत विश्वास एक राय होकर मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। मैंने समझाने का प्रयास किया, परंतु पर दीपक विश्वास गाली देते हुए जान से मारकर फेंक दूंगा कहकर धमकी दिया और हाथ लात घूंसा से मारपीट करते हुए बाल को नोंच कर जमीन पर पटक दिया।

# तेन्दूपत्ता तोड़ने जंगल गए दंपत्ति पर भालू का हमला



- दंपत्ति का सिविल अस्पताल में इलाज जारी, स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार आने की संभावना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के वनांचल ग्राम देवरी के जंगल में तेन्दूपत्ता तोड़ने गए पति-पत्नी पर मंगलवार सुबह सात बजे के आसपास भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले से दोनों घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार देवरी निवासी नरेंद्र यादव 30 साल अपनी पत्नी अनीता यादव 27 साल के साथ सुबह जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे, तभी अचानक भालू ने अनीता यादव पर हमला कर दिया। पत्नी को बचाने के प्रयास में नरेंद्र यादव बीच में आया तो उस पर भी भालू ने हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर पहुंचे लोगों की भीड़ देखकर हमलावर भालू वापस जंगल की तरफ भाग गया। जिसके बाद घायल अवस्था में नरेंद्र यादव और अनीता यादव को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों का उपचार जारी है। डॉक्टरो के मुताबिक दोनों की हालत स्थिर है।

# पति ने गला दबाकर की पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

चरित्र संदेह पर पति ने गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी है। पुलिस आरोपी पति को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार मेचका थाना क्षेत्र के ग्राम मेचका निवासी गुंजलाल नेताम अपनी पत्नी शकुंतला नेताम उम्र 34 वर्ष व तीन बच्चों के साथ अलग रहता है। पति-पत्नी दोनों शराब पीने के आदी थे। दोनों एक-दूसरे के चरित्र पर संदेह करते थे जिसके चलते अक्सर लड़ाई-झगड़ा व मारपीट होती थी। चरित्र संदेह की बात पर बीते रविवार को दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। नशे में धुत गुंजलाल ने शकुंतला से मारपीट की जिससे महिला के सिर पर चोट लगी थी। झगड़े के बाद रात्रि में शकुंतला बाजू में रह रहे सास-ससुर के घर सोने चली गई थी जहां देर रात्रि उठकर नहाने गई थी। नहाकर वापस लौटने के बाद शकुंतला फिर सो गई। बताया जाता है कि इसी बीच पति गुंजलाल शकुंतला के पास पहुंचा और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। दूसरे दिन काफी देर बाद भी शकुंतला सोकर नहीं उठी तो सास-ससुर उसे जगाने का प्रयास किया लेकिन महिला की मौत हो चुकी थी।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

Required - Raipur Convent Hr.Sec. School Required Trained Teachers to teach English, Maths, Bio, Physics, Chemistry, Science, SST, Commerce & Primary teachers also Required (In English Medium), Interview on 11.05.2024, Timing 10.00am at Gudhiyari, Janta Colony- 8109077721, 8109077723, New Rajendra Nagar, Amlidih- 8109077729, 810907773, Shivanand Nagar, Near Neem Dabri Talab- 8109077730 (RO-7474)

Required- VR Educational Academy Higher Secondary School Kailash Nagar Birgaon Raipur requires teachers for English medium from Nursery to 10th class for all subjects and Maths, Bio, Commerce, Arts in Higher Secondary Contact- 9754955511, 7738963592 Time- 8:00 am to 12:00 pm. (RO-2721)

### ड्रायवर/घरेलु कार्य

आवश्यकता है- रायपुर में निजी वाहन चलाने हेतु ड्राइवर / घरेलु कार्य करने हेतु कम से कम 10 वर्ष अनुभवी शाकाहारी एवं नशा न करने वाला परिवार पति-पत्नी (जिनके बच्चे साथ में न रहते हो ) या अकेले की आवश्यकता है। संपर्क करे :- 9300593000. (RO-1206)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- रायपुर की प्रतिष्ठित मेडिकल सीएंडएफ जो पिछले 35 वर्षो से सभी नामी ब्रांड प्रोडक्ट की डिस्ट्रीब्यूटर है, को निम्न पदों की आवश्यकता है:- (1.)ड्राइवर :-1 (2.)गोडाउन कार्य हेतु मेहनती युवकों की। (3) कम्प्यूटर ऑपरेटर। सर्वश्रेष्ठ सैलरी पैकेज संपर्क: 9425542077, 9669426111. (RO-249)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक लग्जरी कारें चलाने घरेलू ड्राइवर चाहिए रहने हेतु रूम है आदतन शराबी न हो, पत्नी हेतु भी अच्छा खाना बनाने व घर कार्य है योग्य व्यक्ति तुरंत मिलें टाटीबंध हीरापुर रायपुर में 8889986669.(RO-2709)

आवश्यकता है- घरेलू गाड़ी व एम्बुलेंस गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर- 2 की आवश्यकता, रहने की सुविधा, संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(RO-2718)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- तात्यापारा स्थित दुकान में कार्य करने हेतु लड़की एवं लड़के की आवश्यकता है। संपर्क करें- मोबाइल नंबर 9977960005.(RO-7475)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- (आरजू मोटर्स)- ई रिक्शा शोरूम में सेल्सगर्ल/ सेल्समैन की आवश्यकता है। योग्यता-12वीं पास ,वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें -बिहार होटल के बाजू पावर हाउस भिलाई मो.- 93003-76522, 89627-21710.(Ro-464)

आवश्यकता है- रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पम्प विक्रय हेतु सेल्समेन व दुकान में काम करने लड़कों की आवश्यकता हैं। सम्पर्क करे- निर्मल सेल्स,रायपुर, मो. नं. 9300659227. (RO-7472)

आवश्यकता है- रायपुर लोकल मे हगीस (डाईपर) के मार्केटिंग हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है सम्पर्क करे:- अग्रवाल एजेंसी 98264-16557.(RO-2725)

### कारीगर/फिटर

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिक कंट्रोल पैनल बोर्ड बनाने हेतु अनुभवी कारीगर 8, फिटर वेल्डर 8, हेल्पर 10, एवं वायरिंग हेतु PLC DRIVE Synchronizing panels 5 साल अनुभवी, इलेक्ट्रिशियन 6, (हेल्पर ITI) 5, ऑफिस हेतु ऑटोकैड में इलेक्ट्रिकल डिजाइनर 3, एवं सेल्स मार्केटिंग अनुभवी 5 वर्ष सम्पर्क:- विश्वकर्मा स्टील इंडस्ट्रीज टाटीबंध रायपुर 9752611000, 7583880000, 9425516676.(RO-2726)

### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- नर्सिंग स्टाफ/ चिकित्साकर्मी नर्सिंग स्टाफ-3, OT नर्स/ ब्रदर & OT Technician की आवश्यकता है। Min. Exp.-3 साल Salary अनुभव के अनुसार (Rs 12000 से 18000) CV के साथ सम्पर्क करें- 10am से 7pm अग्रवाल प्लास्टिक सर्जरी सेन्टर, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9575042809 (RO-34021)

### सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- न्यू जलाराम रेस्टॉरेंट एण्ड डेयरी , छावनी चौक पावर हाउस भिलाई नंदिनी रोड में कार्य करने हेतु महिला एवं काउंटर सेल्सगर्ल की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क करे मो. - 9993330384. (Ro-462)

### कुक

आवश्यकता है- कुक महिला घरेलू अनुभवी जिसे सभी तरह का अच्छा खाना बनाना आता हो रहने हेतु रूम और परिवार को भी काम मिल सकता है टाटीबंध हीरापुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 6266919193.(RO-2708)

### सुपरवाइजर

आवश्यकता है- फुल टाइम अनुभवी स्टोर कीपर एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। संपर्क करें- 7024112110. नियर सेजबहार रायपुर (RO-3974)

### सफाई कर्मी

आवश्यकता है- घर में साफ सफाई के लिए काम करने के लिए महिला/ पुरुष वेतन 9,000 महीना, फार्म हाउस में काम करने के लिए पति पत्नी वेतन 12,000 महीना एवं ड्राइवर 10 पद वेतन 12,000 महीना आवास उपलब्ध पानी, बिजली निःशुल्क (देवपुरी, रायपुर) 8448107841, 9302708426.(RO-2724)

आवश्यकता है- घर के सभी काम करने वाली साफ सुथरी महिला नौकरानी की 24 घंटे रहना खाने की सुविधा संपर्क रायपुर 9171877210.(RO-58)

### सेल्सऑफिसर

आवश्यकता है- पेवर ब्लॉक एवं प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल विक्रय के लिए सेल्स ऑफिसर / सेल्समेन कि आवश्यकता है । रसमड़ा, नगपुरा, बोरई, लिटिया, जालबांधा, वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी । पता- 56, 57, 58 बोरई इंडस्ट्रियल ग्रोथसेंटर, रसमड़ा (छ.ग.) - 491001 , मो. 9300654214 , 9329852480 (Ro-463)

### प्यून

आवश्यकता है- ऑफिस (कार्यालय) में कार्य करने हेतु प्यून (उम्र 18-25 वर्ष) की आवश्यकता है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वी पास। पता गेट एकेडमी, गली नंबर 4, नरसिंहविहार, कातुलबोद, भिलाई, वेतन योग्यतानुसार मो.- 7879984393, 8358800052 संपर्क- समय 10am से 7pm (Ro-460)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### शॉप वर्क

आवश्यकता है-रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. मोबाइल 7067048454.(RO-975)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- इंदौर या अन्य शहरों में टेलीकालिंग हेतु 10वीं से स्नातक अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग पश्चात कमाये 15000 से 20000 कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क- 9691233111, 9630020634.(RO-34038)

### अन्य

आवश्यकता है- एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु तुरंत आवश्यकता कम्पनी द्वारा (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियां) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (वेतन 32500-81300/-) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना + खाना + मेडिकल) रायपुर संपर्कः- 09205883119. (Ro-2723)

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000-55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ SMS/ WhatsApp/ करें - 07903284986.(RO-158)

आवश्यकता है- एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़ से ग्रेजुएट लड़के-लड़कियां तुरंत आवश्यकता (वेतन 28500 से 72900/-) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, ड्राइवर, चेकर, हेल्पर, गार्ड (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर संपर्क:- 07827124935. (RO-2705)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

प्लॉट बेचना है - दुबे कालोनी 1500, 1850 वर्गफुट, स्टेशनरोड नहरपारा लोधी पारा 1350 वर्गफुट प्लाट, वर्गफुट 3 बीएचके, फ्लैट 1435 वर्गफुट, डॉल्फिन ज्वेलो में जैन पब्लिक स्कूल के सामने डूमरतराई। 7828282182 , 9584182182.(RO-1447)

### मकान

बेचना है- मकान बेचना है हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू रायपुर स्थित एलआईजी कॉर्नर का सिंगल स्टोरी मकान दो साईड रोड दोनों साईड गेट लगभग 910 स्क्वेयर फीट संपर्क करें:- 9993059700, 8358030320. (RO-2719)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## For Rent किराया

आवश्यकता है- सेजबहार /कमल विहार के आसपास 10000 से 20000 वर्गफीट का गोडाऊन किराये/लीज पर चाहिए संपर्क- 9303373360.(RO-3975)

सब कुछ है यहां पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD
01 जनवरी 2022 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 530 | 650 | 640 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 440 | 490 | 530 | 195/- Sq cm |
| All CG | 800 | 920 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1600 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Buisness & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. TOWER & FINANCE AD (No Scheme)

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
Colour 20% Extra Charge For Disply
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 400 /- 1 Sunday | 500 /- 1 Sunday |
| 700 /- 2 Sunday | 900 /- 2 Sunday |
| 900/- 3 Sunday | 1200/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 45000 | 72000 | 92000 |
| Bilai + Durg Edition | 40000 | 65000 | 85000 |
| Bilaspur City | 30000 | 50000 | 70000 |
| Raipur All Edition | 57000 | 90000 | 115000 |
| Bilaspur All Edition | 45000 | 75000 | 90000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन एक साथ प्रकाशित किया जायेगा।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें- 7987119756, 6263818152

Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद
- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

हर्पिस रोग एक लाईलाज बीमारी
इस समय सभी उम्र के स्त्री पुरुषो में एक न्यूरोट्रापिक हर्पिस वायरस देखे जा रहे है, रोग अधिक बढ़ जाये तो यह शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा अपंग या सून्न कर देता है। इसे कोई साधारण गोली दवा मोबाइल इत्यादि देख कर डॉ. के बिना खुद ईलाज ना करें। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) मे दाने छाले फून्सी, लाल होना फटना, जलन व दर्द योनि मे खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना मुँह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना शरीर में खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग होने की संभावना है। अतः खुन से हर्पिस रोग की जाँच कराये समझ मे ना आये तो तुरंत संपर्क करे। इसकी स्थायी चिकित्सा केवल रस रसायन मे ही है। अंग्रेजी दवा से यह ठीक नहीं हो सकता।
यौन समस्या :
इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। 9425555659, 9617789223, 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरूवार अवकाश)

गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

ऐतिहासिक

ललित शर्मा

# रहस्यों से भरा है करबा करबीन टीला



सिरपुर से लगभग 5-6 कि मी दक्षिण में मुख्य मार्ग से लगभग आधा कि मी पर करबीन तालाब है। छत्तीसगढ़ में नपुंसकों को करबा करबीन कहा जाता है। अनुमान लगाया जाता है कि सिरपुर राजधानी में इनकी निवास व्यवस्था आम रिहायश से पृथक रही होगी या इनके द्वारा अपने निवास स्थल के समीप होने के कारण इस तालाब का नाम करबीन नाम पड़ा होगा। ऐसा भी अनुमान लगाया जाता है कि यह स्थान सिरपुर राजधानी के मुख्य प्रवेश द्वार पर सेनकपाट के समीप है, इसलिए इन्हें राज्यतिथियों के स्वागत करने की दृष्टि से बसाया गया होगा। आज भी करबीन तालाब काफी बड़ा है और भारी संख्या में कमल कुमुदिनी खिले देखे जा सकते हैं। तालाब का दृश्य देखने में काफी मनमोहक लगता है। इसके आसपास का स्थल प्राकृतिक रूप से काफी अच्छा लगता है इसलिए इस स्थल को विश्राम के लिए अच्छा मानकर रुकते हैं।

सुरता

डा. सत्यभामा आडिल

# सुराजी कवि रिहीन गिरवर दास



छत्तीसगढ़ी सुराज के कवि गिरिवर दास वैष्णव का जन्म बलौदाबाजार अंतर्गत मचाभाट ग्राम में हुआ था। आपके पिता स्व. हरिदास जी हिन्दी के मर्मज्ञ कवि थे, जिनकी रचना ध्यान प्रकाश प्रसिद्ध है। गिरिवर दास वैष्णव जी एक आचार निष्ठ देश प्रेमी थे। शोषितों, हरिजनों, सतनामियों के प्रबल पक्षधर गिरिवर दास वैष्णव ने छत्तीसगढ़ी सुराज में साम्यवाद के समझदारी, जवाहर के गीत, गांधी के गुणगान, मजदूर के मरना, हरिजन के हत्या, बुढ़वा बिहाव, पंडित के पाखंड, देश की दीनता, मालगुजार के मन मसमोटी, पूर्वजों के पराक्रम, तथा अन्य क्रांतिकारी कविताएं हैं। गिरिवर दास जी मालगुजार और जाति के ब्राह्मण थे। देश और समाज से जुड़ी जनवादी कविता दर्पण की तरह होती है। छत्तीसगढ़ी सुराज स्वतंत्रता पूर्व छत्तीसगढ़ का दर्पण है। देखें उनकी पंक्तियां -

किस्सा आप लागन ला, एक सुनावत हौ भाई।
अट्ठारह सौ संतावन के, साल हमर बड़ दुखदाई।
बादशाह बिन राज हमर, भारत मां वो दिन होवत रहिस।
अपन नीचता ले पठान मन, अपन राज ला खोवत रहिस।

## पुस्तक समीक्षा

# महानदी के धार




कृति के नाव: महानदी के धार

लेखक: चंद्रिका प्रसाद मढरिया

प्रकाशक: आशु प्रकाशन , रायपुर

पुस्तक समीक्षा: कमलेश यादव

मूल्य: एक सौ बीस रुपिया

छत्तीसगढ़ अंचल में छत्तीसगढ़ी के जनजीवन अऊ रहन सहन, खानपान, तीज तिहार ला अपन लेखनी के अंग बनाइस लेखक हा। फेर वोकर जीते जी वोकर लेखन हा प्रकाशित होके हमर बीच आय हे। आपके हर रचना हमर अंचल में गांव गवई के सुंदर चित्रण करथे। ये किताब के विशेषता आय कि हमर अंचल के नंदावत शब्द मन हा ये मेर उजागर होय हावय। देखन ये पंक्ति ला -

*परिया में खोजे गीत के बिजहा,*
*मन के कोठी में हे छबना छबाय,*
*देखबे ता दिखही हेरबे ता हिंटही,*
*अइसन धन जेला नई कोनो चोराय।*



छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत समृद्धशाली रहा है। छत्तीसगढ़ को पर्वों की राजधानी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस तथ्य का प्रमाण पर्वों की बहुलता प्रस्तुत करते हैं। तभी तो लोकमानस यह कहते नहीं थकते।

# दान -पुण्य व शुभ कर्मों का पर्व अक्षय तृतीया

वैवाहिक संस्कार के अलावा गृहप्रवेश जैसे मांगलिक कार्यक्रम भी संपादित किए जाते हैं। इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। इसलिए 'अक्षय तृतीया' का अपना अलग ही औचित्य है।



परब विशेष:डा. राघवेन्द्र कुमार 'राज'

अक्षय तृतीया कृषि संसार को समर्पित महापर्व है। बैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि ही 'अक्षय तृतीया' कहलाती है।भौतिक उन्नति के लिए 'अक्षय तृतीया' का विशेष महत्व है। अनुष्ठान व उपासना की पवित्र तिथि 'अक्षय तृतीया' ही है। 'अक्षय तृतीया' को अनंत, अक्षय, अक्षुण्ण फलदायक कहा गया है। 'अक्षय तृतीया' की पावन तिथि पर किया जाने वाला दान और हवन का कभी क्षय नहीं होता और अक्षय फल की प्राप्ति भी होती है।इसीलिए ऋषि-मुनियों ने इस पवित्र तिथि को 'अक्षय तृतीया' के नाम से अभिहित किया है।देवों तथा पितरों के लिए समर्पित कर्म हमें अक्षय अर्थात अविनाशी बनाते हैं।ऐसी मान्यता है कि -इस दिन जो भी शुभ कार्य किए जाते हैं।उनका अक्षय फल मिलता है।तभी तो लोकवाणी गूँजा करती है।-

*सुनते आये हैं बुज़ुर्गों की ज़ुबानी।*
*पूर्वज पाते हैं अकती का पानी।*
*जिनके आशीष से बसती है । प्रेम की राजधानी।*
*चलती है हँसी -खुशी ये जिन्दगानी।*

पौराणिक आख्यानों के अनुसार- 'अक्षय तृतीया 'की पावन दिवस भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भगवान श्रीपरशुराम जी को समर्पित दिवस रहा है।जिसे भगवान श्रीपरशुराम जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। जिसका जन्म महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर में हुआ था।'धार्मिक मान्यता के अनुसार -इस दिन माँ गंगा धरती पर पदार्पण की थी।'अक्षय तृतीया' को अबूझ मुहूर्त तिथि मानकर किसान एक ओर अपने खेतों में बीजों का वपन करता है तो दूसरी ओर बच्चों की दुनिया नन्हें गुड्डे -गुड़ियों की विवाह भी रचाते हैं। सारी वैवाहिक रस्मे निभाते देखे जाते हैं।बेटी की बिदाई गीत सुन आँखें सजल हो जाती हैं।-

*'बड़ तरी खड़े हे बरतिया। के नीम तरी खड़े हे कहार।*
*अइसन संइया निरदइया, के चलो चली कहिथे बरात*
*दाई रोवत हे महल में, कि ददा रोये दरबार।*

### पौराणिक गाथा के अनुसार

'शाकलनगर में धर्मदास नामक वैश्य निवास करता था। जो स्वभाव से आध्यात्मिक प्रवृति का था। नियमित रूप से देवताओं और ब्राह्मणों का पूजन किया करता था। उन्होंने 'अक्षय तृतीया ' दिन की दान महिमा सुनी।उसने गंगा स्नान कर अपने पितृदेवों का तर्पण किया और विधि- विधान से भगवान की पूजन -अर्चन के बाद ब्राह्मणों को श्रद्धापूर्वक दान किया। पत्नी के द्वारा मना किए जाने के बावजूद वे अहर्निश दान करते रहे। कुछ समय बाद उसकी मृत्यु हुई। उसे पुनर्जन्म में राजयोग की प्राप्ति हुई। फलतः उसे द्वारिका के कुशावती नगर का राजा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जो उनके पिछले जन्म में किए गए दान -पुण्य और शुभ कर्मों का ही सुखद फल था।तब से दान और शुभकर्म किए जाने की प्रथा चली आ रही है।'अक्षय तृतीया ' के दिन इस कथा का श्रवणपान किया जाना चाहिए।इस दिन भगवान विष्णु जी के अलावा देवी लक्ष्मी की उपासना और पूजन -अर्चन की प्राचीन विधान है।जिससे सुख,शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।'अक्षय तृतीया' को ब्राह्मणों को नमक (सेंधा) का दान किया जाना चाहिए।ऐसी प्राचीन मान्यता है कि -इससे पितरों की कृपा प्राप्त होती है। 'अक्षय तृतीया 'शुभ कर्म के साथ सत्याचरण करने का संदेश देती है। अंत में -

यूँ तो जिन्दगी में मर जाता है आदमी।
नश्वर संसार में आता -जाता है आदमी।
पर जो औरों के लिए जीयें जनाब
अपनों के बीच जी जाता है आदमी।




# गांव में गूंजती है प्रभु राम का यशगान



गांव की कहानी: लक्ष्मी नारायण लहरे '

छत्तीसगढ़ के नव सृजित जिला सारंगढ़ -बिलाईगढ़ के महानदी किनारे बसा गांव ओड़काकन रामनामी समुदाय का धार्मिक स्थल है। यहां रामनामी समाज चैत रामनवमी के दिन निर्गुण राम की नृत्य, भजन संकीर्तन कर प्रभु राम की भक्ति में भाव विभोर होकर भजन करते हैं । यहां प्रति वर्ष हर रामनवमी को मंदिर में रामनामी समाज का महाबैठक होता है और सभी



क्षेत्र के रामनामी उपस्थित होकर पूरे वर्ष भर की अपनी उपलब्धियों के साथ नए वर्ष की रूप रेखा पर काम करते हैं। ओडकाकन सारंगढ़ जिला मुख्यालय कोसीर नगर से 10 किलो मीटर और सरसिंवा से 15 किलोमीटर दूर महानदी के तट पर रमणीय स्थल है। ओडकाकन में रामनामी समुदाय ने 1949 में इस जगह को केंद्र बिंदु मानकर यहां प्रभु राम की भजन कीर्तन की शुरुआत किए थे। आज इस जगह में प्रभु राम की भजन कीर्तन करते 75 वर्ष हो गए। यह अमृत वर्ष काल है । इस धार्मिक स्थल में प्रभु राम का मंदिर बना है पर मंदिर में मूर्ति नहीं है। पर प्रभु राम की यहां भजन होती है।

### लगभग 10 एकड़ में फैले इस गांव में


रामनामी समुदाय मोरमुकुट ,घुंघरू और राम राम की भजन से अलख जगा रहे हैं । माघी पूर्णिमा के दिन शिवरीनारायण शबरी धाम में भी रामनामी समाज इक्कट्ठे होकर प्रभु राम की यशगान करते हैं।

लोक नाट्य

डा. संतराम देशमुख

# कला विरासत को आयाम देने वालों में दाऊ महासिंह चंद्राकर






दाऊ के रूप में प्रतिष्ठित और संपन्न कृषक महासिंह चंद्राकर दुर्ग निवासी बचपन से ही रामलीला, गम्मत, नाचा, रामधुन,कीर्तन और रासलीला के दीवाने रहे।उन्होंने गाने बजाने का ऐसा शौक पाला कि पूरी तरह से जीवन भर इसी में रमे रहे। अपने मूल व्यवसाय को परिवार के जिम्मे छोड़ दिए। दाऊ रामचंद्र देशमुख की चंदैनी गोंदा टीम के कलाकारों कि मेहनत तथा कार्यक्रम की ऊंचाई लगातार बढ़ने काफी प्रभावित हुए, और अलग टीम बनाने में लग गए। इसके बाद अपने लक्ष्य प्राप्ति के कलाकारों की खोजबीन में रात दिन एक कर दिए। अंत में कलाकारों में एकत्र करने में सफल हो गए और सोनहा बिहान लोक मंच की स्थापना की। चंदैनी गोंदा के साथ ही सोनहा बिहान के टीम की चर्चा भी होने लगी। सोनहा बिहान टीम की प्रस्तुति भी सशक्त थी। इसके बाद आपने लोरिक चंदा का भी सफल मंचन करने लगे। आज भी इस कार्यक्रम की प्रस्तुति दूरदर्शन के माध्यम से होते रहती है। इस तरह दाऊ रामचंद्र देशमुख कला जगत में अपनी प्रस्तुति से अमिट छाप छोड़ गए।

पर्यटन

विनोद कुमार पांडेय


# मनमोहक छटा कर्मघोंघा का





छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ और कोरिया से लगभग 55 कि मी दूरी पर कर्म घोंघेश्वर धाम और रमणीय जलप्रपात है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे होने के कारण यहां वर्ष भर पर्यटक प्रकृति का आनंद लेने यहां पहुंचते रहते हैं। इस स्थल तक पहुंचने के पहले करीब 3 कि मी तक ऊबड़ खाबड़ रास्ते तक पैदल चलना पड़ता है। इस मंदिर में भगवान शंकर विराजमान हैं तथा मूर्ति के सामने हवन कुंड है। इस मंदिर के आसपास अब कई देवी देवताओं के मंदिर निर्मित हो चुके हैं।

मंदिर के पीछे दाई ओर लगभग 25-30 मी की दूरी पर लगभग 100 फीट की दूरी पर पहाड़ी की ऊंचाई से पानी झरने के रूप में वर्ष भर गिरता रहता है। बरसात के दिनों में यह स्थल काफी रमणीय लगता है। पानी गिरने से उठती फुहारें मन को मदमस्त कर देती हैं।



## खबर संक्षेप



### सीजी पावर शुद्ध लाभ 233.81 करोड़ रुपए

**चेन्नई।** सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 233.81 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में मुनाफा 426.22 करोड़ रुपये रहा था। सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड का 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में शुद्ध लाभ 1,427.61 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 962.97 करोड़ रुपये था।

### आईडीबीआई बैंक को मिला जीएसटी मांग का नोटिस



**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसे कथित तौर पर अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने के लिए ब्याज और जुर्माने समेत 2.97 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग का नोटिस मिला है। बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि देहरादून राज्य कर विभाग ने आईटीसी के कथित अतिरिक्त लाभ और उपयोग के लिए वित्त वर्ष 2018-19 से संबंधित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत एक आदेश जारी किया है।

### सनकाइंड एनर्जी चार राज्यों में लगाएगी सौर रूफटॉप

**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी सनकाइंड एनर्जी को पंजाब, हरियाणा समेत चार राज्यों में कुल 10 मेगावाट क्षमता की छतों पर लगने वाली सौर परियोजनाओं का ऑर्डर मिला है।

# वेटर रहे हुआंग की कमाई के सामने अंबानी-अदाणी फेल, बेजोस-मस्क के छूटे पसीने

## ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की सूची के अनुसार हुआंग जुकरबर्ग को पछाड़ बने नंबर एक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कभी वेटर रहे एक शख्स की इस चार महीने की कमाई के आगे दुनिया के बड़े से बड़ा अरबपति भी पिछड़ गयाा है। चाहे एलन मस्क हों या मार्क जुकरबर्ग या फिर दुनिया के सबसे अमीर बर्नार्ड अर्नाल्ट ही क्यों न हों, जेनसेन हुआंग से पिछड़ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक जेनसेन हुआंग इस साल कमाई में मार्क जुकरबर्ग को पछाड़ नंबर वन बन गए हैं। जेनसेन हुआंग ने इस साल अबतक अपनी संपत्ति में 29.2 अरब डॉलर जोड़ने में कामयाब रहे। उनका कुल नेटवर्थ भले ही जुकरबर्ग के नेटवर्थ से काफी कम है, लेकिन इस साल इन्होंने कमाई में सभी को पीछे छोड़ दिया है। जेनसेन हुआंग 73.2 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें स्थान पर हैं।



हुआंग ने इस साल अबतक अपनी संपत्ति में 29. 2 अरब डॉलर जोड़े

### कभी वेटर थे हुआंग

*हुआंग कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई टेक्नॉलजी की अग्रणी कंपनी एनवीडिया के चेयरमैन हैं। हुआंग ने 1993 में कंपनी की सह-स्थापना की और 1999 में पहली ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट पेश की। हुआंग ने कभी वेटर का भी काम किया लेकिन, आज इनकी गिनती दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती है। हुआंग एक समय डेनीस रेस्टोरेंट में बतौर वेटर भी काम करते थे।*

### हुआंग का जन्म हुआ ताइवान में

*1963 में ताइवान के ताइनान में जन्मे हुआंग का परिवार पहली बार थाईलैंड में रिलोकेट हुआ जब वह पांच साल के थे। नौ साल के थे तो दोनों भाई चाचा के साथ रहने के लिए टैकोमा, वाशिंगटन चले गए। उन्होंने अलोहा हाई स्कूल से ग्रैजुएशन किया।*



### जुकरबर्ग दूसरे नंबर पर

*जुकरबर्ग इस मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं। इन्होंने इस साल अबतक 28.3 अरब डॉलर की कमाई की है। इनका कुल नेटवर्थ 156 अरब डॉलर है। तीसरे नंबर पर अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस हैं। इनकी इस साल की कमाई 24.3 अरब डॉलर है। इनके पास 201 अरब डॉलर की संपति है। एलन मस्क ने इस साल 37.5 अरब डॉलर गंवाया है। मस्क की कुल संपति 191 अरब डॉलर रह गई है।*

## नील्सनआईक्यू ने जारी तिमाही रिपोर्ट में किया आकलन पेश

# एफएमसीजी उद्योग की ग्रामीण खपत मार्च तिमाही में शहरी क्षेत्र से अधिक रहीः रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय एफएमसीजी (रोजमर्रा के उपभोग का सामान) उद्योग ने वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर मात्रा के मामले में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसके साथ ही पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण खपत ने शहरी मांग को पीछे छोड़ दिया है। नील्सनआईक्यू ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। उपभोक्ताओं से जुड़ी सूचनाएं मुहैया कराने वाली फर्म नील्सनआईक्यू (एनआईक्यू) ने दैनिक उपभोग वाले उत्पादों (एफएमसीजी) पर जारी तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही।


- पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण मांग ने शहरी मांग को पीछे छोड़ा

### उद्योग का मूल्य 6.6 फीसदी बढ़ा

*मार्च तिमाही में घरेलू एफएमसीजी उद्योग का मूल्य 6.6 प्रतिशत बढ़ा है जिसका श्रेय अखिल भारतीय स्तर पर मात्रा में 6.5 प्रतिशत वृद्धि को जाता है। मात्रात्मक वृद्धि एक साल पहले की समान तिमाही में 3.1 प्रतिशत रही थी।*

### खपत रुझानों से प्रेरित रही

*एनआईक्यू के उपभोक्ता खंड के प्रमुख रूजवेल्ट डिसूजा ने कहा, 'एफएमसीजी उद्योग की वृद्धि जनवरी-मार्च तिमाही में खपत रुझानों से प्रेरित रही है, जिसमें पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों ने शहरी वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है।'*



- खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया
- भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही

### बड़े आकार के पैक की बिक्री लोकप्रियता की वजह से

डिसूजा ने कहा कि खासकर घरेलू एवं व्यक्तिगत देखभाल (एचपीसी) श्रेणियों ने खाद्य श्रेणियों से बेहतर प्रदर्शन किया है। खाद्य श्रेणियों में अधिक इकाइयों की बिक्री हुई है जबकि एचपीसी श्रेणी में वृद्धि काफी हद तक बड़े आकार वाले पैक की लोकप्रियता की वजह से दर्ज हुई है।

### पारंपरिक कारोबार में तेजी बनी हुई

*एनआईक्यू ने कहा कि शहरी और आधुनिक कारोबार में खपत मंद पड़ी है जबकि ग्रामीण और पारंपरिक कारोबार में तेजी बनी हुई है। एनआईक्यू ने कहा, 'ग्रामीण मांग वृद्धि ने धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ी है और शहरी क्षेत्र को पीछे छोड़ दिया है। शहरी उपभोक्ता मांग में क्रमिक गिरावट देखी जा रही है।'*

### गैर-खाद्य में वृद्धि दोगुनी रही

*रिपोर्ट कहती है कि अखिल भारतीय स्तर पर खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने उपभोग वृद्धि में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य में लगभग दोगुनी वृद्धि देखी गई।*

### बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर रहा

*एनआईक्यू ने कहा कि एफएमसीजी उद्योग में छोटी कंपनियों की तुलना में बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर है। हालांकि, बीती दो तिमाहियों में बड़ी कंपनियों की तुलना में छोटी कंपनियों ने गैर-खाद्य श्रेणियों में उच्च मात्रा वृद्धि दर देखी है।*

# बड़े शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की संख्या बढ़कर 64 हुई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश के आठ प्रमुख शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की संख्या पिछले साल 57 से बढ़कर 64 हो गई। इसकी वजह खुदरा विक्रेता और उपभोक्ताओं के प्रीमियम संपत्तियों को तरजीह देना है। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने मंगलवार को 'थिंक इंडिया थिंक रिटेल 2024' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। इसमें 29 शहरों के शॉपिंग सेंटर और बड़े बाजारों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आठ प्रमुख महानगरों में खाली पड़ी खुदरा संपत्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। करीब 1.33 करोड़ वर्ग फुट सकल पट्टे योग्य क्षेत्र वाले 64 शॉपिंग मॉल को 2023 में 'घोस्ट शॉपिंग सेंटर' के रूप में वर्गीकृत किया गया। 'घोस्ट शॉपिंग सेंटर' से तात्पर्य उन मॉल से है जो 40 प्रतिशत से अधिक खाली हैं। क्षेत्रफल की बात करें तो यह पिछले वर्ष (2022) के 84 लाख वर्ग फुट से 58 प्रतिशत अधिक है। नाइट फ्रैंक ने खाली पड़े शॉपिंग केंद्रों की संख्या में वृद्धि के चलते 2023 में 6,700 करोड़ रुपये या 79.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान होने का अनुमान लगाया है।

- रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

### हैदराबाद में संख्या 19 फीसदी घटी

*हैदराबाद में केवल ऐसे मॉल की संख्या 19 प्रतिशत घटी है। कोलकाता में इनमें सबसे अधिक सालाना आधार पर 237 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, 'बढ़ती खर्च योग्य आय, युवा जनसांख्यिकी और शहरीकरण से प्रेरित उपभोग की गति संगठित खुदरा क्षेत्र के पक्ष में है।'*

# सेंसेक्स 384 अंक टूटा, निफ्टी 140 अंक के नुकसान में

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 384 अंक टूट गया। शेयरों का मूल्यांकन ऊंचा होने को लेकर चिंता के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स ने शुरुआती बढ़त को गंवा दिया और अंत में यह 383.69 अंक की गिरावट के साथ 73,511.85 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 636.28 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 140.20 अंक की गिरावट के साथ 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। असीत सी मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लि. में सहायक उपाध्यक्ष हृषिकेश येदवे (तकनीकी और डेरिवेटिव्स रिसर्च) ने कहा, 'घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ खुला। हालांकि, कुछ उतार-चढ़ाव के बाद बाजार में बड़े स्तर पर मुनाफावसूली देखने को मिली।'

### ये शेयर रहे लाभ में

*सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।*

### इनमें रहा नुकसान

*दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। लाभ में रहने वाले अन्य शेयरों में टेक महिंद्रा, नेस्ले, आईटीसी, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और कोटक महिंद्रा बैंक शामिल हैं।*

### इंडिया रेटिंग्स ने भारत के वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया

**मुंबई।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान रिजर्व बैंक के सात प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है।

# खिलौना निर्यात घटकर 15.23 करोड़ डॉलर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश का खिलौना निर्यात 2023-24 में मामूली घटकर 15.23 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में यह 15.38 करोड़ डॉलर था। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के खिलौना निर्यात को अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों से कोई खास लाभ नहीं हुआ। घरेलू उपायों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देना और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना था, लेकिन इनसे भारत के खिलौना निर्यात में कोई खास वृद्धि नहीं हुई। रिपोर्ट में कहा गया, 'वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2021-22 तक निर्यात मामूली रूप से 12.96 करोड़ डॉलर से बढ़कर 17.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर हुआ।'

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

# स्टाइलिश लुक के साथ बजाज ऑटो ने लांच किया बहुप्रतीक्षित 'पल्सर एनएस400जेड'



**पुणे।** टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो ने बहुप्रतीक्षित पल्सर एनएस400जेड को लांच किया है। पल्सर एनएस सीरीज लगातार तरक्की हासिल करती रही है और मार्च 2023 में संपूर्ण एनएस रेंज को एक रोमांचक रिबूटिंग मिली है और इसे एक नए एलईडी हेडलैंप, इंस्ट्रूमेंट कंसोल और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ अपग्रेड किया गया है। पल्सर एनएस400जेड के लॉन्च के साथ बजाज ऑटो ने वास्तविक रूप से पल्सर कैटेगरी की 'डी-फैक्टो अल्फा' बाइक पेश की है। अब तक की सबसे स्टाइलिश पल्सर, मार्डन फ्लोटिंग पैनल्स के साथ पल्सर एनएस400जेड में एनएस डीएनए का मस्कुलैरटी मौजूद है। इसमें अग्रेसिव न्यू फ्रंट फैशिया सिगनेचर लाइटनिंग बोल्ट डीआरएल है। 'एनएस400' की स्टाइलिश बिकिनी फेयरिंग और अंडरबेली एक्जॉस्ट के साथ स्पोर्टी टेल सेक्शन इसके एयरोडाइनैमिक पैकेज को संपूर्ण बनाते हैं और इसे शानदार लुक प्रदान करते हैं। अब तक की सबसे बड़ी पल्सर के तौर पर एनएस400जेड, 373.27 सीसी इंजन से लैस है जो 40पीएस और 35एनएम टार्क प्रदान करता है। बजाज ऑटो लिमिटेड के सारंग कनाडे ने कहा कि पल्सर एनएस400जेड एक मोटरसाइकल से बढ़कर बहुत कुछ है। इसमें सभी चीजें शामिल हैं जो स्पोर्टी ड्राइव परफॉर्मेंस और एक बेजोड़ राइडिंग एक्सपीरियंस प्रदान करता है।

### सोने में 200 रुपए की बढ़त चांदी में 700 रुपए का उछाल



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 200 रुपये की बढ़त के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, रामातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सत्यनारायण मेमोरियल हेल्थ केयर
डॉ. संजीव कुमार सिंह
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (इंटर्नल मेडीशीन)
मो. 9669109366, 7992636477
सोमवार से शनिवार- समय : शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार- सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
इकोकार्डियोग्राफी
मधुमेह हृदय से संबंधित रोग
ब्लड प्रेशर से संबंधित
थॉयराइड से संबंधित
ग्राउण्ड फ्लोर ऑर्बिट कॉम्प्लेक्स, सुन्दर नगर, रायपुर - 492001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
18 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

1741 चौके

997 छक्के

## सीएसके फैन पर टूटा मिचेल का कहर, एक शॉट से दिए दो जख्म



**नई दिल्ली।** पांच बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स ने न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डैरिल मिचेल को आईपीएल 2024 की नीलामी में 14 करोड़ की भारी-भरकम रकम देकर खरीदा था। मिचेल ने टीम को अभी तक कुछ खास फायदा तो पहुंचाया नहीं है बल्कि उल्टा टीम के फैन का अच्छा-खासा का नुकसान कर दिया। दरअसल, मिचेल जब प्रैक्टिस कर रहे थे तब उन्होंने ऐसा शॉट लगाया कि उनकी गेंद वीडियो बना रहे एक फैन के आईफोन पर लगा जिससे न केवल आईफोन टूट गया बल्कि उसे चोट भी पहुंची। इस घटना के बाद मिचेल तुरंत उसके पास पहुंचे और इसकी भरपाई करने की कोशिश भी की। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिचेल ने इसकी भरपाई करने अपने ग्लव्स उसे तोहफे में दे दिए।

## केकेआर की टीम ने काशी विश्वनाथ के दरबार में टेका माथा



**मुंबई।** कोलकाता ने रविवार को लखनऊ को उसके ही घर में घुसकर 98 रनों से करारी हार दी। इस जीत के बाद सोमवार को टीम को अपने घर कोलकाता में जाना था। टीम फ्लाइट में बैठ गई थी लेकिन कोलकाता में मौसम बिगड़ने के कारण फ्लाइट को गुवाहाटी भेज दिया गया लेकिन खराब मौसम के कारण वहां भी टीम नहीं उतर सकी और फिर सुबह तीन बजे टीम वाराणसी उतरी। इस मौका का टीम ने पूरा फायदा उठाया और काशी विश्वनाथ मंदिर व मां गंगा के दर्शन किए। टीम के खिलाड़ियों ने वाराणसी में रुकने का पूरा फायदा उठाया और काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। कई खिलाड़ियों ने अपने इंस्टाग्राम पर इसके फोटो पोस्ट किए। कई खिलाड़ियों ने गंगा नदी में वोटिंग का भी लुत्फ लिया।

## आईपीएल : दिल्ली ने राजस्थान को 20 रन से हराया

# डीसी ने दर्ज की छठी जीत, लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही आरआर की टीम

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 56वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराते हुए अपनी छठी जीत दर्ज की है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 221/8 का स्कोर बनाया। जवाब में आरआर की टीम संजू सैमसन की संघर्षपूर्ण पारी (86) के बावजूद 201/8 का स्कोर ही बना सकी।

### ऐसा रहा रोचक मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स को जैक फ्रेजर-मैकगर्क (50) और अभिषेक पोरेल (65) ने अर्धशतक लगाते हुए अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद मध्यक्रम में ट्रिस्टन स्टब्स ने 20 गेंदों पर 41 रन की पारी खेलते हुए टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। जवाब में आरआर को यशस्वी जायसवाल (4) और जोस बटलर (19) के रूप में 2 झटके लगे। जल्दी विकेट गिरने के बाद सैमसन ने संघर्षपूर्ण पारी (86) खेली लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।



### अभिषेक ने आईपीएल में लगाया पहला अर्धशतक

अभिषेक ने मैच में 36 गेंद का सामना किया और 65 रन बनाए। उनके बल्ले से 7 चौके और 3 छक्के निकले। इस खिलाड़ी ने पहले विकेट के लिए जैक फ्रेजर मैकगर्क के साथ सिर्फ 26 गेंद में 60 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद उन्होंने अक्षर पटेल के साथ 25 गेंद में 42 रन और ऋषभ पंत के साथ 20 गेंद में 34 रन जोड़े।

### टी-20 क्रिकेट में 350 विकेट वाले पहले भारतीय बने चहल

युजवेंद्र चहल ने 48 रन देते हुए 1 विकेट चटकाया। इसके साथ ही चहल ने अपने 350 टी-20 विकेट पूरे किए। वह टी-20 क्रिकेट में इस आंकड़ा छूने वाले भारत के पहले और विश्व के 11वें गेंदबाज बने हैं। वह अब ड्वेन ब्रावो (672), राशिद खान (572), सुनील नरेन (549), इमरान ताहिर (502), शाकिब अल हसन (482), आंद्रे रसेल (443), वहाब रियाज (413), लसिथ मलिंगा (390), सोहेल तनवीर (389) और क्रिस जॉर्डन (368) की विशेष सूची में शामिल हुए हैं।

### आरआर से दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

चहल ने अपनी मौजूदा टीम आरआर की ओर से 42 मैचों में इकॉनमी रेट से 62 विकेट ले लिए हैं। वह आरआर की ओर से आईपीएल में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं। उन्होंने शेन वॉटसन को पीछे छोड़ा है, जिन्होंने 78 मैचों में 27.88 की औसत से 61 विकेट लिए थे। आरआर की ओर से चहल से ज्यादा विकेट सिर्फ सिद्धार्थ त्रिवेदी (65) के नाम पर हैं।

### मैक्गर्क ने 19 गेंदों में पूरा किया अर्धशतक

मैक्गर्क ने सिर्फ 19 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 20 गेंदों पर 7 चौकों और 3 छक्के की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। आईपीएल 2024 में यह मैक्गर्क का तीसरा ऐसा अर्धशतक रहा, जो उन्होंने 20 से कम गेंदों में पूरा किया। उनके अलावा यशस्वी जायसवाल, निकोलस पूरन, ईशान किशन, सुनील नरेन, कीरोन पोलार्ड, ट्रेविस हेड और केएल राहुल 2-2 बार 20 से कम गेंदों में ऐसा कर चुके हैं।

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैकगर्क का फरेरा बो मैकगर्क | 50 | 20 | 7 | 3 |
| अभिषेक का संदीप बो अश्विन | 65 | 36 | 7 | 3 |
| शाई होप रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल का पराग बो अश्विन | 15 | 10 | 1 | 1 |
| ऋषभ पंत का बोल्ट बो चहल | 15 | 13 | 0 | 1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स पगबाधा बो संदीप | 41 | 20 | 3 | 3 |
| गुलबदीन नायब का अश्विन बो बोल्ट | 19 | 15 | 1 | 1 |
| रसिख सलाम रन आउट | 09 | 03 | 2 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 05 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 01, कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 221 रन
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-48-1, संदीप 4-0-42-1, आवेश 2-0-42-0, अश्विन 4-0-24-3, पराग 2-0-17-0, चहल 4-0-48-1

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का अक्षर बो खलील | 04 | 02 | 1 | 0 |
| जोस बटलर बो अक्षर | 19 | 17 | 2 | 1 |
| सैमसन का होप बो मुकेश | 86 | 46 | 8 | 6 |
| रियान पराग बो रसिख | 27 | 22 | 1 | 3 |
| शुभम का स्टब्स बो खलील | 25 | 12 | 2 | 2 |
| रोवमैन बो मुकेश | 13 | 10 | 1 | 1 |
| फरेरा पगबधा बो कुलदीप | 01 | 03 | 0 | 0 |
| अश्विन का होप बो कुलदीप | 02 | 03 | 0 | 0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 02 | 03 | 0 | 0 |
| आवेश खान नाबाद | 07 | 03 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 15, कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 201 रन
गेंदबाजी: खलील 4-0-47-2, इशांत 3-0-34-0, मुकेश 3-0-30-2, अक्षर 3-0-25-1, कुलदीप 4-0-25-2, रसिख 3-0-36-1

## आईपीएल

# चहल ने इन बल्लेबाजों को बनाया सर्वाधिक बार शिकार



एजेंसी ▶▶| मुंबई

राजस्थान रॉयल्स के स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने हैं। इस टूर्नामेंट में यह खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। उनकी घूमती हुई गेंदों ने कई स्टार बल्लेबाजों को परेशान किया है। बीच के ओवरों में इस खिलाड़ी को विकेट लेने में महारथ हासिल है। ऐसे कई खिलाड़ी हैं जिनको चहल ने सस्ते में निपटाकर पवेलियन पहुंचा दिया।

### मयंक अग्रवाल- 6 बार

मयंक अग्रवाल स्पिन गेंदबाजी को अच्छे से खेलना जानते हैं, उन्हें चहल ने काफी परेशान किया है। आईपीएल में दोनों के बीच 9 पारियों में आमना-सामना हुआ है, जिसमें चहल ने इस खिलाड़ी को 6 बार पवेलियन की राह दिखाई है। हालांकि, मयंक ने भी चहल के खिलाफ जोरदार बल्लेबाजी की है और 45 गेंद का सामना करते हुए 72 रन जड़े हैं। उन्होंने चहल के खिलाफ 6 चौके और 5 छक्के लगाए हैं।

### क्विंटन डिकॉक- 6 बार

लखनऊ सुपर जायंट्स के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक को भी चहल ने 6 बार आउट किया है। दोनों के बीच 8 पारियों में आमना सामना हुआ है। डिकॉक चहल के खिलाफ 39 गेंद में सिर्फ 44 रन बनाने में सफल रहे हैं। चहल के अलावा कोई अन्य लेग स्पिनर डिकॉक को 3 बार भी आईपीएल में आउट नहीं कर पाया है।

### नितीश राणा- 6 बार

कोलकाता नाइट राइडर्स के नितीश राणा को भी चहल ने आईपीएल में 6 बार आउट किया है। दोनों के बीच 13 पारियों में आमना-सामना हुआ है। राणा चहल के खिलाफ 70 गेंदों में सिर्फ 81 रन बनाने में सफल रहे हैं। चहल के खिलाफ उनके बल्ले से 8 चौके और सिर्फ 1 छक्का निकला है। चहल के अलावा और किसी भी गेंदबाज ने राणा को 4 या उससे ज्यादा बार आउट नहीं किया है।

## आईपीएल के एक सीजन में इन सलामी जोड़ियों ने बनाए हैं सर्वाधिक रन



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अब तक सभी टीमों ने कम से कम 10 मैच खेल लिए हैं और अब तक ये संस्करण बल्लेबाजों के लिए जोरदार बीता है। इस संस्करण में कई टीमों ने 200 से ज्यादा रन का आंकड़ा पार किया है और दूसरी टीमों ने रोमांचक खेल में इन्हें चेस भी किया है। इस बीच कुछ सलामी जोड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया है। आईपीएल के इतिहास में किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली सलामी जोड़ियों में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस तथा दूसरे नंबर पर रुतुराज व फाफ के नाम दर्ज है।

### विराट कोहली- डु प्लेसिस (939 रन, 2023)

आईपीएल 2023 में विराट कोहली और डु प्लेसिस की सलामी जोड़ी ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इन प्रमुख बल्लेबाजों ने 67.07 की औसत से 939 रन जोड़े थे, जिसमें 3 शतक और 5 अर्धशतक शामिल थे। डु प्लेसिस ने 730 रन बनाए, वहीं कोहली ने 639 रनों के साथ अपना अभियान समाप्त किया था। तमाम कोशिशों के बावजूद आरसीबी की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी।

### गायकवाड़ और डु प्लेसिस (756 रन, 2021)

सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ और फाफ डु प्लेसिस ने 2021 के संस्करण में चेन्नई सुपर किंग्स की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। क्रिकइंफो के अनुसार, इस जोड़ी ने आईपीएल 2021 में 47.25 की औसत से 756 रन बनाए थे। इसमें 2 शतक और 5 अर्धशतकीय साझेदारी भी शामिल हैं। गायकवाड़ ने जहां 635 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल की, वहीं डु प्लेसिस (633) उनसे मामूली अंतर से पीछे रह गए थे।

## अप्रैल महीने के लिए तीन खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की तरफ से हर महीने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मंथ के रूप में चुना जाता है। यह अवार्ड खिलाड़ियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हर महीने दिया जाता है। वहीं अप्रैल महीने के लिए आईसीसी ने तीन खिलाड़ियों को नॉमिनेट कर लिया है, पाकिस्तान समेत यूएई और नामीबिया के खिलाड़ी शामिल है। गौर करने वाली बात यह है कि इसमें एक भी भारतीय खिलाड़ी का नाम शामिल नहीं है, क्योंकि मार्च महीने के आखिर से भारतीय खिलाड़ी आईपीएल खेल रहे हैं। आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को नॉमिनेट किया है। दरअसल, हाल ही में न्यूजीलैंड के साथ खेले गए टी20 सीरीज में शाहीन शाह अफरीदी ने कमाल की गेंदबाजी की थी।



नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरासमस को अप्रैल महीने में प्लेयर ऑफ द मंथ खिलाड़ी के रूप में नॉमिनेट किया

# टीम इंडिया की जर्सी पहनते ही छा गई आशा शोभना, टूटा 26 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए चौथे टी-20 मुकाबले में आशा शोभना को भारतीय टीम की ओर से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका मिला। आशा ने हाथ आए इस मौके को पूरी तरह से भुनाया और सिर्फ 18 रन देकर दो बड़े विकेट चटकाए।

आशा ने मैदान पर उतरते ही 26 साल पुराना रिकॉर्ड भी चकनाचूर कर डाला। महिला प्रीमियर लीग में अपनी घूमती गेंदों से बैटर्स की नाक में दम करने वाली आरसीबी की स्पिन गेंदबाज आशा शोभना चौथे टी-20 में पहली बार भारत की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरीं। इसके साथ ही आशा ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 26 साल पुराना रिकॉर्ड भी चकनाचूर कर डाला।



### आशा के नाम दर्ज हुआ बड़ा कीर्तिमान

दरअसल, आशा शोभना भारत की महिला क्रिकेट टीम की ओर से टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू करने वाली सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गई हैं। आशा ने फटाफट क्रिकेट में अपना पहला मुकाबला 33 साल और 51 दिन की उम्र में खेला। उन्होंने 26 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। साल 2008 में सीमा पुजारे ने भारत की तरफ से साल टी-20 क्रिकेट में 32 साल और 50 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। हालांकि, उनका करियर बहुत लंबा नहीं रहा और वह सिर्फ 8 वनडे और एक टी-20 इंटरनेशनल मैच ही खेल सकीं।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : लाहौर में भारत के मैच कराना चाहता है पाकिस्तान, आईसीसी को भेजा प्रस्ताव

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल पाकिस्तान में प्रस्तावित चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए रूपरेखा बनाना शुरू कर दिया है। इसके तहत उसने भारतीय क्रिकेट टीम के सभी मैच लाहौर में कराने का निर्णय किया है। इसको लेकर उसने इंटरनेशन क्रिकेट काउंसिल को प्रस्ताव भेज दिया है। हालांकि, वनडे प्रारूप में होने वाले 8 टीमों के इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन इसके फरवरी के मध्य में शुरू होने की संभावना है।



### भारत के पाक जाने पर संशय

इस योजना के बाद भी भारत के अभी चैंपियन ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने को लेकर संशय बना हुआ है। इसका कारण दोनों देशों के बीच तनाव और पिछले साल एशिया कप के लिए भारत द्वारा पाकिस्तान जाने से इनकार करना है। ऐसे में पीसीबी की इस योजना के बाद भी भारत के वहां जाने पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। इसी तरह अभी पीसीबी को अपनी योजना पर आईसीसी की इजाजत मिलने का भी इंतजार करना होगा। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का मौजूदा चैंपियन है, जिसने 2017 में ओवल में खेले गए फाइनल में भारत को हराया था।

## लखनऊ-सनराइजर्स में आज पहली बार होगी भिड़ंत



**हैदराबाद।** अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ आज बुधवार 8 मई को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रन रेट (माइनस 0 . 065) लखनऊ (माइनस 0 . 371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 57वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स हैदराबाद में होगा। एसआरएच ने इस सीजन 11 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 6 में टीम को जीत और 5 में हार मिली है। एलएसजी ने भी 11 मैच खेले हैं, जिसमें से उसे भी 6 में जीत और 4 मुकाबलों में हार मिली है। यह मैच आज हैदराबाद स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।







**DEMAND NOTICE**

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

BANK OF INDIA
VERSUS
KAN POWER RUBBER INDUSTRIES

To,
(CD 1) KAN POWER RUBBER INDUSTRIES TARUN PUGALIA, SHOP NO. 09, KAMALA SUBER MARKET, STATION ROAD, RAIPUR (C.G.)-492001, RAIPUR - 490042.
(CD 2) TARUN PUNGALIA, C-402, KARSON ESTATE, NEAR PATIDAR BHAWAN, FAFADIH, RAIPUR (C.G.).
(CD 3) ROHIT DAMMANI, C-402, KARSON ESTATE, NEAR PATIDAR BHAWAN, FAFADIH, RAIPUR (C.G.), RAIPUR CHHATTISGARH-490042.

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/52/2021 an amount of **Rs 4878692.80 (Rupees Forty Eight Lakhs Seventy Eight Thousands Six Hundred Ninety Two And Paise Eighty Only)** along with pendentelite and future interest @ 12% Simple Interest Yearly w.e.f. 12.01.2021 till realization and costs of Rs. **51000 (Rupees Fifty One Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/ Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 25.07.2024 at 10:30 a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date : 03.05.2024.

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR



**न्यायालय कलेक्टर**
**जिला बालोद (छ.ग.)**
**/// सूचना //**

क्रमांक 187/ प्र.क्ले. / 2024
बालोद, दिनांक 29.04.2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक (पूर्व में इलाहाबाद बैंक) शाखा बालोद द्वारा अनावेदक मेसर्स नैतिक फ्लाई ऐश ब्रिक्स, प्रो. श्रीमती अमिता जैन पति श्री सुमित कोठारी सौजन्य पारस कलेक्शन, माँ लक्ष्मी मार्केट, पुलगांव चौक, जिला दुर्ग (छ.ग.) के विरूद्ध आवेदक बैंक से प्राप्त ऋण की राशि 25,00,000 रूपये + 5,00,000 रूपये दिनांक 10.11.2015 को प्राप्त कर उक्त ऋण के एवज में अनावेदक के स्वामित्व की ग्राम हल्दी, सिवनी पटवारी हल्का नंबर 52, आर.आई.सी. एवं तहसील गुरूर डौंडी जिला बालोद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 36/7 एवं बंधक सम्पत्ति प्लांट एवं मशीनरी 2015 हैवी ऐश, ब्रिक्स प्लांट, हाइड्रोलिक सिलेण्डर 10 एच.पी. मोटर, हैवी पेन मिक्सर 7.5 मीटर क्षमता 250-300 कि.ग्रा. क्षमता के साथ, ट्राली मशीन, हाइड्रोलिक, कन्वेयर अटैचमेंट 1 एच.पी. मोटर, एम.आई.एस.सी. इलेक्ट्रीकल इन्स्टालेशन, पैनल बोर्ड, मीटर बल्ब, इलेक्ट्रिकल्स, केबल्स, स्विच, बोर्ड्स एवं एम.आई.एस.सी. टूल टेकल्स मुख्य रेक्स इत्यादि को बैंक के पक्ष में साम्यिक बंधक के रूप में रखा गया है। अनावेदक द्वारा ऋण शर्तों के अधीन बैंक से प्राप्त राशि जमा नहीं किये जाने से आवेदक बैंक द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 अंतर्गत इस न्यायालय में आवेदन पेश कर उक्त संपत्ति का भौतिक आधिपत्य दिलाये जाने निवेदन किया गया है, जिसमें प्रकरण क्रमांक 19/ ब-121 वर्ष 2021-22, ई कोर्ट नंबर 202208240100005 दर्ज कर विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदक को सुनवाई हेतु बार-बार नोटिस जारी किया गया है, किन्तु वे उपस्थित नहीं हुये है।

अतएव इस सूचना के माध्यम से अनावेदक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन सुसंगत दस्तावेजों के साथ रखे जाने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। निर्धारित पेशी दिनांक 20.05.2024 में उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये अनावेदक स्वतः जिम्मेदार होंगे।

(मुहर) कलेक्टर, बालोद



**RAIPUR INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES (RIMS)**
**BHANSOJ ROAD OFF NH-6, GRAM-GODHI, RAIPUR**

Recognize by National Medical Council
Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Helath Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

**Application are invited for following posts**

| Sr. No. | Name and No. of the post | | | | Qualification and Experience As per MCi Norm |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **Professor** | | | | |
| | Anatomy | 01 | Genral Surgery | 02 | (As per NMC/MCi Norm) |
| | Pathology | 02 | Anaesthesiology | 02 | |
| | Microbiology | 01 | Radiodiagnosis | 01 | |
| | Pharmacology | 01 | Dermatology | 01 | |
| | Forensic Medicine | 01 | OBG & Gynae | 01 | |
| | Psychiatry | 01 | ENT | 01 | |
| | General Medicine | 01 | | | |
| | Paediatrics | 02 | | | |
| | TB & Chest | 01 | | | |
| | Orthopaedics | 01 | | | |
| 02 | **Associate Professor** | | | | |
| | Anatomy | 01 | General Medicine | 03 | (As per NMC/MCi Norm) |
| | Physiology | 01 | Paediatrics | 02 | |
| | Biochemistry | 01 | Genearl Surgery | 02 | |
| | Pharmacology | 01 | Orthopaedics | 02 | |
| | Pathology | 02 | OBG & Gynae | 02 | |
| | Microbiology | 01 | Anaesthesiology | 02 | |
| | ENT | 02 | Radio-Diagnosis | 02 | |
| | Community Medicine | 02 | Opthalmology | 01 | |
| | Dermetology | 02 | Psychiatry | 01 | |
| | | | TB & Chest | 01 | |
| 03 | **Assistant Professor** | | | | |
| | Anatomy | 03 | Dermatology | 02 | (As per NMC/MCi Norm) |
| | Physiology | 01 | Psychiatry | 01 | |
| | Biochemistry | 01 | General Surgery | 03 | |
| | Pharmacology | 02 | Orthopaedics | 03 | |
| | Pathology | 03 | Ophthalmology | 01 | |
| | Microbiology | 02 | ENT | 02 | |
| | Forensic Medicine | 02 | OBG & Gynae | 02 | |
| | Community Medicine | 03 | Anaesthesiology | 03 | |
| | General Medicine | 04 | Radio-Diagnosis | 03 | |
| | Paediatrics | 03 | | | |
| | Tuberculosis and Respiratory Diseases | 02 | | | |

**Other terms & conditions:-**
1 Teaching Experience & Age Limit : As per MCi Norms
2. Pay Scale : As per UGC Pay Scale/State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection criteria:-**
Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publications in various national / international journals.
* Paper presentation in conferences.
*Total No. of conferences attended.

Last date of receipt of Application:- Within 15 days from the date of publication of advertisement. dean@rimsindia.ac.in

**RIMS HOSPITAL-DEAN**

**वैज्ञानिकों ने किया था ये चौंकाने वाला खुलासा**

# महाभारत में हुआ था पहले परमाणु बम का इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ लंदन

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सबसे पहले परमाणु बम का इस्तेमाल किया था। अमेरिका ने 6 अगस्त, 1945 को जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराया गया था। इसके तीन दिन बाद 9 अगस्त 1945 को नागासाकी पर परमाणु बम से हमला किया था। इस परमाणु हमले के तुरंत बाद द्वितीय विश्व युद्ध खत्म हो गया। जापान ने मित्र राष्ट्रों के सामने समर्पण कर दिया। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि महाभारत काल में भी 'परमाणु बम' का इस्तेमाल किया गया था। वैज्ञानिकों को इस बात का सबूत मिल चुका है।

दुनिया में कई मोर्चों पर युद्ध चल रहा है। ज्यादातर मोर्चों पर चल रहे युद्ध में परोक्ष रूप से कई देश शामिल हैं। रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से जंग चल रही है। इन दो देशों के बीच चल रहे युद्ध में अमेरिका समेत कई पश्चिमी देश परोक्ष रूप से शामिल हैं। इसके अलावा इस्राइल और आंतकी संगठन हमास के बीच भी युद्ध चल रहा है। इस जंग में भी अमेरिका और ईरान समेत कई देश परोक्ष रूप से शामिल हैं। वर्तमान समय में दुनिया दो गुटों में बंट चुकी है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कई बार परमाणु हमले की धमकी दे चुके हैं। यह बम दुनिया के सबसे खतरनाक बमों से एक है। जापान के हिरोशिमा और नागासाकी में दुनिया ने इस बम की विनाशलीला देख चुकी है। अगर किसी देश पर परमाणु फेंक दिया जाए, तो लाखों की आबादी एक झटके में खत्म हो जाएगी।

वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपेनहाइमर ने परमाणु बम का आविष्कार किया था। उन्होंने अपने एक शोध में इस बात खुलासा किया है कि महाभारत काल में परमाणु बम जैसे विनाशकारी हथियारों का इस्तेमाल किया जा चुका है।

### हड़प्पा और मोहन जोदाड़ो काल में हुआ था प्रयोग



सिंधु घाटी सभ्यता पर कई शोध किए गए हैं। शोध के मुताबिक, हड़प्पा और मोहन जोदाड़ो में कई नर कंकाल मिले हैं, जिनसे जानकारी मिलती है कि उन्हें किसी भयंकर अस्त्र से मारा गया था। इसके साथ ही यहां पर कई ऐसे प्रमाण भी मिले हैं, जिनसे यह पता चलता है कि किसी काल में यहां अत्यधिक मात्रा में रेडिएशन उतपन्न हुआ था, जितना किसी परमाणु बम के विस्फोट के बाद होता है।

### ब्रह्मास्त्र परमाणु बम के समान ही था

पुणे के एक डॉक्टर व लेखक पद्माकर विष्णु वर्तक ने भी अपनी शोध में माना है कि महाभारत काल में इस्तेमाल किया गया ब्रह्मास्त्र परमाणु बम के समान ही था। डॉ. वर्तक ने अपनी किताब 'स्वयंभू', में इस बात का जिक्र किया है। रामायण और महाभारत काल में ब्रह्मास्त्र को सबसे खतरनाक हथियार माना जाता था। उस काल में कई योद्धाओं के पास ब्रह्मास्त्र थे। बताया जाता है कि जो व्यक्ति ब्रह्मास्त्र का इस्तेमाल करता था, उसके पास क्षमता होती था कि वह इसे वापस भी ले सकता था। लेकिन द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा को ब्रह्मास्त्र कैसे वापस लेना है, यह तरीका याद नहीं था। इसकी वजह से ब्रह्मास्त्र के छूटने के बाद भयानक तबाही मची थी।

## 3 साल की बच्ची ने कहा- मेरे कमरे में है राक्षस सामने आया सच तो पैरों तले खिसक गई ज़मीन

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। एक 3 साल की छोटी बच्ची ने अपने पैरेंट्स को बताया कि उसके कमरे में एक राक्षस रहता है और रात को उसे हर रोज कमरे में अजीबोगरीब आवाजें सुनाई देती हैं। लेकिन, माता-पिता ने इसे बच्ची का वहम समझकर अनदेखा कर दिया।. सच्चाई तब सामने आई जब घरवालों ने एक मधुमक्खी पालक को बुलाया। उसने बताया की बच्ची के कमरे की दीवार में 55 हजार से 65 हजार के करीब मधुमक्खियों ने अपना घर बना रखा है। ये घटना उत्तरी कैरोलिया के शार्लोट शहर का है। बच्ची के पैरेंट्स ने बताया कि बच्ची ने हाल ही में 'मॉन्स्टर्स इंक' फिल्म देखी थी। इसलिए जब उसने कमरे में अजीब आवाजें सुनाई देने और राक्षस होने की बात कही तो हमने बच्ची का वहम समझकर अनदेखा कर दिया। बच्ची के पिता और होम डिजाइनर मैसिस क्लास ने बताया कि 'हमने उसे पानी की एक बोतल भी दी और कहा कि यह राक्षस स्प्रे है ताकि वह रात में किसी भी राक्षस को स्प्रे कर सके'। लेकिन यह तरकीब काम नहीं आई, अगले दिनों में, बच्ची अपने कमरे के अंदर कुछ होने को लेकर अड़ गई। जल्द ही, उसकी मां ने कुछ मधुमक्खियों को घर में चिमनी के पास इकट्ठा होते देखा, तो मधुमक्खी पकड़ने वाले को बुलाया।

## कोयले जैसा काला था कुत्ता, दूध की तरह हो गया सफेद! 2 सालों में इतना कैसे बदला रंग?

**मुंबई।** आपने गिरगिट तो देखा ही होगा। वो अपना रंग बदलने में माहिर होता है। पर क्या आपने कभी किसी कुत्ते को रंग बदलते देखा है? इन दिनों एक कुत्ते की फोटोज वायरल हो रही हैं, जिसका रंग पूरी तरह बदल गया है। ये कुत्ता कभी कोयले की तरह काला हुआ करता था, पर अब दूध की तरह सफेद हो गया है. ऐसे में ये सवाल उठता है कि सिर्फ 2 साल के अंदर इस कुत्ते का रंग इतना कैसे बदल गया? सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक शख्स ने अपने कुत्ते बस्टर के बारे में लोगों को बताया है। साल 2021 में उनका कुत्ता बस्टर जब 2 साल का था, तब डॉक्टरों ने बताया कि उसे विटिलिगो कंडीशन है। इंसानों में इस सफेद दाग कहा जाता है। जिस प्रकार इंसानों का रंग धीरे-धीरे सफेद हो जाता है, उसी प्रकार इस कुत्ते का भी होने लगा। शख्स ने जब शुरुआत में कुत्ते की फोटो को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, तब उसे लोगों से काफी सपोर्ट मिला।



























हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com